पो. रजि. नं. जयपुर सिटी/011/2021-2023, आरएनआई रजि नं. 48910/91 fb/seemasandesh1951 seemasandesh1951@gmail.com 0141-2700113 ■ जयपुर-श्रीगंगानगर (राज.) से एक साथ प्रकाशित



ऐसे देश को छोड़ देना चाहिए, जहां धन तो है लेकिन सम्मान नहीं: विनोबा

1951 में स्थापित

# सीमा सन्देश

ताकत किसान की, जवान की

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा



■ वर्ष : 31 ■ अंक : 102 ■ मूल्य : रु. 2.00 ■ पृष्ठ : 08 जयपुर, मंगलवार, 12 अक्टूबर, 2021 ऑनलाइन पढ़े : epaper.seemasandesh.in

आज माँ कालरात्रि की पूजा

राजौरी में एलओसी के करीब आतंकियों ने की गोलीबारी, पुंछ, बांदीपोरा और अनंतनाग में भी एनकाउंटर

## आतंकियों के साथ मुठभेड़ में 1 जेसीओ समेत 5 जवान शहीद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर में आतंक के खिलाफ चल रहे ऑपरेशन में सेना को बड़ा झटका लगा है। आतंकवादियों से मुठभेड़ में एक जेसीओ (जूनियर कमीशंड ऑफिसर) समेत पांच सेना के जवान शहीद हो गए हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक पुंछ इलाके में सर्च अभियान के दौरान अचानक आतंकियों ने सेना के जवानों पर हमला बोल दिया।



इस दौरान दोनों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। इस मुठभेड़ में एक जेसीओ समेत पांच जवान शहीद हो गए हैं।

बताया जा रहा है कि एजेंसियों को मुगल रोड के पास चमरेर के जरिए आतंकियों के घुसपैठ का इनपुट मिला था। इसके बाद सुरक्षाबलों ने यहां ऑपरेशन चलाया। सोमवार सुबह से ही यहां पर सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। ये इलाका एलओसी के काफी करीब है। सेना से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, ये आतंकी एलओसी पार कर चमरेर के जंगल तक पहुंच गए थे। ये जंगल से बाहर न जा सकें, इसके लिए पूरे इलाके को चारों ओर से घेर लिया गया है। फिलहाल जंगल में तीन से चार आतंकियों के छिपे होने की आशंका है।

सैनिकों की यह शहादत उस वक्त हुई, जब एक टुकड़ी आतंकवादियों के खिलाफ सर्च ऑपरेशन कर रही थी। इसी दौरान आतंकवादियों ने घात लगाकर सैनिकों की टुकड़ी पर हमला कर दिया, जिसमें एक जेसीओ समेत 5 सैनिक शहीद हो गए। जब तक जवान जवाबी कार्रवाई कर पाते तब तक देर हो चुकी थी। फिलहाल भारतीय सेना की ओर से अतिरिक्त फोर्स को मौके पर भेजा गया है और इलाके की घेराबंदी कर ली गई है।

इससे पहले सोमवार सुबह उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा जिले के हाजिन इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को ढेर कर दिया है। आईजीपी कश्मीर ने जानकारी दी कि मारे गए आतंकवादी की पहचान प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर से जुड़े इम्तियाज अहमद डार के रूप में हुई है। वहीं अनंतनाग में भी सुरक्षाबलों ने एक आतंकी मार गिराया। इस आतंकी के पास से एक पिस्टल और ग्रेनेड बरामद किया गया था।

### न्यूज ब्रीफ

### राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आज लेंगे शपथ



**जयपुर (कासं.)।** राज्यपाल कलराज मिश्र मंगलवार को अपरान्ह 1 बजे राजभवन में जस्टिस अकील अब्दुलहामिद कुरैशी को राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति के पद की शपथ दिलवायेंगे।

### जयपुर में पेट्रोल 111 रुपए 54 पैसे

**जयपुर (कासं.)।** अक्टूबर में पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। सरकारी तेल कंपनियों ने सोमवार को लगातार सातवें दिन पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोतरी की है। ऐसे में अक्टूबर में अब तक 11 दिन में 10 बार पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ गई, जिसके बाद जयपुर में डीजल की कीमत में 38 पैसे और पेट्रोल की कीमत में 31 पैसे प्रति लीटर का इजाफा हुआ है। इसके बाद जयपुर में 1 लीटर डीजल 102 रुपए 69 पैसे, जबकि पेट्रोल 111 रुपए 54 पैसे प्रति लीटर की कीमत पर पहुंच गया है। जो अब तक के इतिहास में सबसे अधिक है।

### डेविड कार्ड, जोशुआ डी एंग्रिस्ट और गुइडो इम्बेन्स को अर्थशास्त्र का नोबेल

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के डेविड कार्ड, जोशुआ डी. एंग्रिस्ट और गुइडो इम्बेन्स को अर्थशास्त्र के लिए 2021 का नोबेल पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की गई है। नोबेल समिति ने डेविड कार्ड को श्रम अर्थशास्त्र में उनके योगदान के लिए पुरस्कार का आधा हिस्सा दिया है, वहीं दूसरा आधा हिस्सा संयुक्त रूप से जोशुआ डी एंग्रिस्ट और गुइडो इम्बेन्स को कारण संबंधों के विश्लेषण में उनके मेथेडोलॉजिकल योगदान के लिए दिया गया।

उत्पादन निगम व अडानी की जेवी से कोयले की रेक बढ़ी

## 795 मेगावाट क्षमता की इकाइयों में उत्पादन शुरू

**जयपुर (कासं.)।** राज्य में पिछले दो दिनों में 795 मेगावाट विद्युत क्षमता के कालीसिंध एवं कोटा तापीय विद्युत गृहों में बिजली का उत्पादन आरंभ हो गया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव एनर्जी डॉ. सुबोध अग्रवाल ने सोमवार को एक बार फिर संदेश भेजकर केन्द्रीय कोयला सचिव अनिल जैन से प्रदेश में कोल इंडिया से कोयला की आपूर्ति बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि कोल इंडिया से राजस्थान को करीब साढ़े ग्यारह रेक प्रतिदिन उपलब्ध करानी है जबकि अभी कोल इंडिया की अनुषंगी इकाई से 5 रेक ही डिस्पेच हो रही है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. अग्रवाल ने सोमवार को जयपुर में अवकाश के दिन भी विद्युत भवन में



विद्युत उत्पादन निगम, प्रसारण निगम व उर्जा विकास निगम के उच्च अधिकारियों के साथ विस्तार से समीक्षा की। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राज्य में विद्युत संकट की स्थिति की निरंतर समीक्षा कर रहे हैं और उसी का परिणाम है कि स्थिति में सुधार होने लगा है। पर कोल इंडिया की अनुषंगी इकाइयों से आपूर्ति अभी नहीं बढ पाई है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि उच्च स्तरीय प्रयासों से अब प्रदेश में 15 से 16 रेक डिस्पेच होने लगी है, जबकि इससे पहले कम मात्रा में रेक डिस्पेच हो रही थी। उन्होंने बताया किं 10 अक्टूबर को कोल इंडिया की अनुषंगी इकाई एनसीएल से 4 और एसईसीएल से एक ही रेक डिस्पेच हुई है।

वहीं विद्युत उत्पादन निगम व अडानी के संयुक्त उपर्करम से अधिक रेक प्राप्त होने लगी है। 10 अक्टूबर को उत्पादन निगम के कोल ब्लाक से 11 रेक डिस्पेच हुई है। इस तरह से 10 अक्टूबर को कुल 16 रेक डिस्पेच हुई है जबकि इससे पहले दिन 15 और इससे पहले इससे भी कम रेक आ रही थी। राज्य में सभी तापीय इकाइयों के लिए कोयला की करीब 21 रेक प्रतिदिन की आवश्यकता है।

केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री के इस्तीफे की मांग

## डोटासरा सहित कई नेताओं ने किया मौन व्रत





**जयपुर (कासं.)।** लखीमपुर खीरी की घटना के विरोध और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के इस्तीफे की मांग करते कांग्रेस नेताओं ने सोमवार को मौन व्रत रखा। सिविल लाइन्स फाटक के पास मौन व्रत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा मौजूद थे। इसके अलावा मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, लालचंद कटारिया, सुभाष गर्ग, भजनलाल जाटव, महेश जोशी, सांसद नीरज डांगी, विधायक रफीक खान, अमीन कागजी, शकुंतला रावत, अर्चना शर्मा, ज्योति खंडेलवाल, अश्क अली टांक, मुनेश गुर्जर, मुमताज मसीह सहित कई पार्टी पदाधिकारी और अग्रिम संगठनों के नेता और कार्यकर्ता इसमें शामिल हुए।

प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने मौन व्रत करके केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के इस्तीफे की मांग की।

रीट पर्चा लीक के विरोध में रैली

## भाजपा युवा मोर्चा और पुलिस हुए आमने-सामने

पार्टी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां भी में हुए शामिल



**जयपुर (कासं.)।** रीट पेपर लीक और परीक्षा में हुई धांधली के विरोध में जयपुर में निकाली गई बीजेपी युवा मोर्चा की रैली और पुलिस आमने-सामने हो गए। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां भी इस रैली में शामिल हुए।

जयपुर में बीजेपी मुख्यालय से 22 गोदाम सर्किल होकर सिविल लाइंस फाटक की ओर जा रही रैली को जब पुलिस ने बैरिकेट्स लगाकर रोका, तो मोर्चा कार्यकर्ता और पुलिस में नोंक-झोंक हो गई।

पुलिस को लाठियां भी फटकारनी पड़ीं। कुछ कार्यकर्ता बैरिकेट्स तोड़कर आगे बढ़े तो पुलिस लाठियां लेकर उनके पीछे दौड़ी। सके बाद पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां बैरिकेट्स के पास ही धरना देकर बैठ गए। इस दौरान मोर्चा कार्यकर्ताओं ने सरकार और शिक्षा मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## राजस्थान में रात 10 बजे तक खुले रहेंगे बाजार

**जयपुर (कासं.)।** राजस्थान में कोरोना संक्रमण के मामलों आ रही लगातार गिरावट को देखते हुए राज्य सरकार ने राहत दी है। गृह विभाग ने सोमवार को नई गाइडलाइन जारी की है। गाइडलाइन के मुताबिक शर्तों के साथ धार्मिक स्थल खोलने की अनुमति दी गई है। इसके अलावा रात 10 बजे तक बाजार खुले रहेंगे। रात 11 से सुबह 5 बजे तक जन अनुशासन कर्फ्यू रहेगा। धार्मिक कार्यक्रम सुबह 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक अधिकतम 200 व्यक्तियों की संख्या के साथ केवल उन लोगों के लिए अनुमत होगा, जिन्होंने कोरोना वैक्सीन की कम से कम एक डोज लगवा ली हो। मास्क का अनिवार्य उपयोग, सैनिटाइजेशन, दो गज की दूरी और बंद स्थानों पर उचित वेंटिलेशन का ध्यान रखना भी अतिआवश्यक है।

### राज्य में बढ़े कोरोना के मरीज

**जयपुर (कासं.)।** प्रदेश में एक बार फिर कोरोना के मरीज बढ़े हैं। सोमवार को प्रदेश में 7 नए कोरोना पॉजिटिव दर्ज किए गए हैं, जबकि इससे पहले हर दिन कोरोना के नए मरीजों की संख्या पांच से कम ही रही। इस दिन 4 दिनों में संक्रमण दर्ज किया गया है, जबकि अब एक बार फिर इस संख्या में बढ़ोतरी हुई है। हालांकि एक्टिव केस पर इसका असर नहीं पड़ा है और एक्टिव केस अभी 35 रहे हैं।

बिजली संकट का समाधान 'घर के पूत कुवांरै डोलै, आण गांव का सिद्ध'

## प्रदेश को कोयले की आपूर्ति करनी होगी सुदृढ़

**जयपुर (कासं.)।** प्रदेश में एक पुरानी कहावत है-'घर कै पूत कुंवारे डोले, आण गांव के सिद्ध' । राजस्थान में यह बात आजकल बिजली संकट के मामले में सरकार की कार्यप्रणाली से साफ झलकती है। संकट से निपटने के लिए खुले बाजार से 10 से 15 रुपए प्रति यूनिट बिजली खरीद कर साढ़े सात रुपए में उपभोक्ताओं को उपलब्ध करानी पड़ रही है, लेकिन खुद के पावर हाउसों को कम लागत से चलाकर 4 रुपए प्रति यूनिट बिजली बनाकर देने का नहीं सूझ रहा। सारे बिजलीघरों में अपने खुद के और निजी स्वामित्व वाले बिजलीघरों में कम से कम पांच इकाइयों को कोयले की कमी के चलते बंद रखना पड रहा है जिससे कोई 5000 मेगावॉट बिजली का उत्पादन नहीं हो पा रहा।

इधर लोग त्यौहार व कोविड के बाद सुधरे ट्यूरिज्म के लिए बाजार तैयार कर रहे हैं उधर सरकार ने बिजली कटौती लागू कर दी है। अब जयपुर को छोड़कर शहरी इलाकों में भी गांवों की तरह घंटों तक बिजली कट रही है।

राजस्थान में बिजली की प्रति दिन औसत मांग 12,500 मेगावाट के सामने औसत उपलब्धता करीब 8,000 मेगावाट ही है। देशभर के बिजलीघरों में संकट के चलते एनर्जी एक्सचेंज में बिजली के दाम 10 से 15 रुपये प्रति यूनिट हो गए हैं। इस बढ़े हुए दाम का बोझ आम





आदमी पर ही पडने वाला है।

जानकारों का मानना है कि, राजस्थान को अब किसी भी हालत में दूरगामी दृष्टिकोण के साथ ऊर्जा क्षेत्र की योजनाएं लागू करनी पड़ेंगी ताकि उसे अन्य राज्यों की तरह बिजली संकट से गुजरना नहीं पड़े। वैसे तो राजस्थान में विद्युत क्षेत्र का आर्थिक और परिचालन व्यय अन्य राज्यों की तुलना में काफी बेहतर माना जाता है लेकिन जिस तरह से हालात पिछले कुछ सालों में गड़बड़ाए हैं उससे संभाला ऐसे ही जाएगा। प्रदेश ने अपनी स्थिति को गैर परंपरागत ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ाया है। उसी तरह पारंपरिक ऊर्जा क्षेत्र की परियोजनाओं को भी और मजबूत करना पड़ेगा। राजस्थान में नवीनीकृत ऊर्जा की क्षमता 12,200 मेगावाट है और करीब 11,000 मेगावाट की उत्पादन क्षमता कोयले से है। सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं को इंधन की जरुरत नहीं, परन्तु वह निरंतर ऊर्जा का स्त्रोत भी नहीं है। राज्य की ताप बिजली परियोजनाएं प्रति यूनिट चार रुपये से भी कम भाव पर बिजली की आपूर्ति कर सकती हैं।

एक तरफ जब केंद्र सरकार ने कोयले की किल्लत नहीं होने का भरोसा दिलाया है, वहीं विपक्ष राजस्थान सरकार को कोयले के पुराने बकाया को न चुकाने पर घेर रहा है। इस हालात में जानकारों का सुझाव है कि राजस्थान सरकार को अपना हिसाब साफ कर केन्द्र से कोयले की लम्बे अरसे के लिए आपूर्ति पक्की कर लेनी चाहिए ताकि अंतरराष्ट्रीय बजार में बढ़ती हुई कीमतों का राज्य की तिजोरी और आम लोगों की जेब पर विपरीत असर ना पड़े।

### ऊर्जा मंत्री का कोयला प्रतिदिन उपलब्ध कराने का आग्रह

बिजली संकट को देखते हुए राज्य के ऊर्जा मंत्री डॉ बी डी कल्ला ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री से राजस्थान को आवंटित कोटे के अनुरूप कोयला प्रतिदिन उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। हालाँकि यही मांग कोयले की किल्लत से पीड़ित अलग अलग राजयों ने भी राखी है। ऐसे में राजस्थान को कोयले की कितनी आपूर्ति हो पाएगी वह देखना होगा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार राज्य में प्रतिदिन करीब 11 रैक कोयले की आवश्यकता के विपरीत सिर्फ 7.50 रैक कोयला मिल रहा है। यह मात्रा पुराने बकाया को चुका कर बढ़ायी जा सकती है। कुछ ताप विद्युत इकाईयों में सिर्फ एक या दो दिनों के लिए कोयले का भंडार बचा है।

### हर एक विद्युत परियोजना को चलाना पड़ेगा

बिजली की मांग पूरी कर पर्यटकों को इस त्योहारी सीजन की छुट्टियों में आकर्षित करना है और बाकी अर्थतंत्र भी पटरी पर वापस लाना है तो राज्य की हर एक विद्युत परियोजना को चलाना पड़ेगा। उद्योग और रोजगार के हितधारकों को यह भरोसा दिलाना पड़ेगा की राज्य सरकार ऊर्जा क्षेत्र की मजबूती के लिए प्रतिबद्ध है। जानकारों का कहना है की बिजली की मांग और उत्पादन के बीच 4000 मेगावाट से ज्यादा के फासले को कम करने के लिए अडाणी पावर की 1320 मेगावाट इकाई को चालू करना भी अनिवार्य है। उसकी एक ईकाई 600 मेगावाट की बंद है। छबडा, कंवई और कालीसिंध परियोजनाएं सबसे किफायत पर विद्युत उत्पादन करती हैं। राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम और निजी क्षेत्र की अन्य ईकाई को भी इसी प्रकार चलाया जाना जरूरी है। सरकार को इस दिशा में तुरंत प्रभावी कदम उठाने होंगे।



**एक नजर**

## तेज आवाज में डेक बजाते दो गिरफ्तार

**सीमा सन्देश संवाददाता**

**कोटपूतली।** स्थानीय थाना पुलिस ने कस्बे के मौहल्ला सराय स्थित राजकीय सरदार जनाना अस्पताल के पास से सोमवार दोपहर ट्रैक्टर पर तेज आवाज में डेक बजा रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार स्थानीय नागरिकों की सूचना पर मौके पर पहुँचकर डेक बजाते हुए रोहिताश (22) पुत्र मूलाराम गुर्जर निवासी बालाढ़ाब, बानसूर को गिरफ्तार कर डेक मशीन जप्त की है। इसी प्रकार कस्बा स्थित राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विधालय के सामने तेज आवाज में डेक बजा रहे कृष्ण पुत्र उमराव कसाना निवासी ग्राम टापरी, कोटपूतली को गिरफ्तार कर डेक मशीन को जप्त किया है।

## सट्टा लगाते तीन गिरफ्तार

**सीमा सन्देश संवाददाता**

**कोटपूतली।** स्थानीय थाना पुलिस ने कस्बे में विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर सट्टा खिलवाने के जुर्म में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मौहल्ला बडाबास स्थित राजकीय आईटीआई के पास से जुगनु (30) पुत्र मदन लाल वाल्मिकी निवासी वार्ड नं. 28 मौ. बडाबास कोटपूतली को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार अमन (20) पुत्र सुरेश चंद मेघवाल निवासी वार्ड नं. 29 मौ. बडाबास कोटपूतली व छोटा बाजार स्थित मौ. बुचाहेड़ा के पास से महेन्द्र (23) पुत्र रामसिंह सैनी निवासी छोटा बाजार को गिरफ्तार किया है। तीनों ही युवकों के पास से पुलिस ने सट्टे में उपयोग ली जा रही डायरी, पेन, मोबाईल फोन व नकद राशि भी जप्त की है।

**रीट भर्ती परीक्षा में कथित धांधली व घोटाले का मामला**

## कोटपूतली से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पहुँचे जयपुर

**सीमा सन्देश संवाददाता**

**कोटपूतली।** राज्य सरकार द्वारा हाल ही में आयोजित करवाई गई रीट भर्ती परीक्षा में हुई कथित धांधली व घोटाले के विरोध में भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार को राजधानी स्थित सिविल लाईन्स फाटक पर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में भाग लेने के लिए सैकड़ों की संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता जिला उपाध्यक्ष प्रवीण बंसल के नेतृत्व में जयपुर पहुँचे। जहाँ भाजपा मुख्यालय से सिविल लाईन्स फाटक तक पैदल मार्च कर विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियाँ, भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष एड. हिमांशु शर्मा, प्रदेश मंत्री विनोद सिंह तंवर, जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा व भाजयुमो जिलाध्यक्ष भगवान सहाय शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की कांग्रेस सरकार, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व शिक्षा मंत्री गोविन्द सिंह डोटासरा के विरूद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए भर्ती परीक्षाओं को रद्द कर पुनः आयोजित करवाये जाने की माँग की। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रवीण बंसल व सिद्धार्थ टोरडा, महामंत्री महेश हलसर, सौरभ सिंह शेखावत, कपिल शर्मा, रिंकू सैनी, विजय आर्य, गिरवर शर्मा, रामसिंह रावत, मोहन यादव, नरेन्द्र गुर्जर, राहुल व संजय समेत अन्य कार्यकर्ता जयपुर पहुँचे।

**राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने की कांग्रेस नेता राहुल गाँधी से शिष्टाचार भेंट**

# यशपाल आर्य की कांग्रेस पार्टी में करवाई वापसी

**सीमा सन्देश संवाददाता**

**कोटपूतली।** क्षेत्रिय विधायक व राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव के निरन्तर प्रयासों से उत्तराखण्ड की भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री यशपाल आर्य की सोमवार को कांग्रेस पार्टी में वापसी हुई। राज्यमंत्री यादव ने राजधानी नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय पर एआईसीसी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व कांग्रेस नेता राहुल गाँधी से शिष्टाचार भेंट करते हुए उन्हें संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। उत्तराखण्ड सरकार के कैबिनेट मंत्री यशपाल आर्य अपने मंत्री पद व भाजपा से इस्तीफा देकर नैनीताल से विधायक अपने पुत्र संजीव आर्य व उत्तराखण्ड सरकार में ही पूर्व राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त हरेन्द्र सिंह लाड़ी के साथ नई दिल्ली पहुँचे। जहाँ उन्होंने



राज्यमंत्री यादव के साथ गाँधी से मुलाकात करते हुए पुनः कांग्रेस में वापसी कर सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस नेता राहुल गाँधी ने भी पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका अभिनन्दन करते हुए पार्टी में स्वागत किया। इस मौके पर एआईसीसी मुख्यालय में उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हरिश रावत, एआईसीसी महासचिव व उत्तराखण्ड प्रभारी देवेन्द्र यादव, एआईसीसी संगठन महासचिव व राज्यसभा सांसद केसी वेणुगोपाल, एआईसीसी प्रवक्ता रणदीप सिंह सुरजेवाला, उत्तराखण्ड पीसीसी अध्यक्ष गणेश घोड़ियाल, नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह के साथ यशपाल आर्य व अन्य नेतागणों ने प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया। राज्यमंत्री यादव ने कहा कि यशपाल आर्य केवल उत्तराखण्ड व उत्तरप्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे उत्तर भारत में दलित, शोषित, वंचित व पिछड़े वर्गो के बड़े नेता है। निश्चित तौर पर उनके राजनैतिक अनुभवों का लाभ कांग्रेस पार्टी को मिलेगा। साथ ही आने वाले दिनों में उत्तराखण्ड में होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से जीतकर एक बेहतर प्रदेश के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करेगी। इस दौरान युवा नेता त्रिभुवन यादव भी मौजूद रहे।

## प्रशासन गाँवों के संग अभियान : ग्राम पंचायत मोहनपुरा में हुआ शिविर का आयोजन

**सीमा सन्देश संवाददाता**

**कोटपूतली।** राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे प्रशासन गाँवों के संग अभियान के तहत सोमवार को निकटवर्ती ग्राम पंचायत मोहनपुरा में एसडीएम डॉ. टी. शुभमंगला की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में विभिन्न प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान नामान्तरण के 32, राजस्व अभिलेख/खातों का शुद्धिकरण के 2, आपसी सहमति से खातों का विभाजन के 7, रास्ते का 1, सहमति से पैतृक भूमि (कृषि) के लम्बित वाद निस्तारण के 4 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। आठ नये जॉबकार्ड जारी किये गये एवं 110 जॉब कार्डो का सत्यापन किया गया, जन्म-मृत्यु के दस प्रमाण पत्र जारी किये, नरेगा सॉफ्टवेयर पर 5 मोबाईल नम्बर अपलोड किये गये, 11 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किये गये, त्रुटिपूर्ण मीटर सम्बंधी समस्याओं के 7 मामलों का निस्तारण किया गया, फव्वारा सिंचाई संयंत्र के 4 आवेदन ऑनलाईन पंजीकृत किये गये। मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान व सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से 10 लोगों को लाभान्वित किया गया।

वहीं 105 लोगों का उपचार किया गया, 20 लोगों के कोरोना वैक्सीन की द्वितीय डोज लगाई गई, 9 लोगों की ब्लड शुगर की जाँच की गई। जबकि चार हैण्डपम्प दुरूस्त करवाये गये एवं दो ढ़ीले तारों को भी व्यवस्थित करवाया गया। वहीं दुसरी ओर महिला अधिकारिता एवं बाल विकास परियोजना के सौजन्य से अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। इस दौरान गांव की कक्षा 10 व 12 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिका नंदिनी व निकिता तथा इस अवसर पर आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताएं मेहंदी निबंध पोस्टर आदि में प्रथम आने वाली बालिका रेखा, मोनिका, खुशी, पायल, चंचल आदि को पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

वहीं दूसरी ओर मोहनपुरा जोधपुरा आंगनबाड़ी केंद्र पर गांव में इस माह जन्मी बच्चियों के नाम पर विभिन्न फलदार पौधारोपण किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम जोधपुरा द्वारा शिविर में पोस्टिक तत्व वाले भोजन पदार्थों की रेसिपी बनाकर लगाई गई जिसमें हरी पत्तेदार सब्जियां जैसी पालक ग्वार की फली दाल मोठ बाजरा नींबू आंवला आदि का प्रदर्शन किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**सीमा सन्देश संवाददाता**

**अजमेर।** महिला अधिकारिता अजमेर के द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय क्रिश्चयनगंज अजमेर में कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें सर्वप्रथम सरस्वती पूजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय किश्चयनगंज अजमेर की प्राधानाध्यापिका के द्वारा सरस्वती वर्दन करवाया गया, तत्पश्चात कन्या पूजन करवाया गया। आंगनवाड़ी की नन्ही बालिका (5 माह) के कर कमलों द्वारा केक कटवाया और कन्या की माता को एक फलदार पौधा ससम्मान भेंट किया। उपस्थित ग्यारह बालिकाओं का भी तिलक व मौली बांधकर स्वागत व सम्मान किया गया था। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्कूल की प्राधानाध्यापिका के द्वारा सम्बोधन भाषण दिया।

## पदाधिकारियों का सत्यापन कर कार्यों की समीक्षा



**सीमा सन्देश संवाददाता**

**पावटा।** भाजपा बालाजी मंडल पावटा में बागावास, जयसिंहपुरा, प्रागपुरा, पावटा शक्ति केंद्र पर बैठक का आयोजन मंडल प्रवासी कार्यकर्ता बजरंग लाल शर्मा के सानिध्य में सम्पन्न हुई। इस दौरान शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष व मंडल कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का सत्यापन कर उनके कार्यो की समीक्षा की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रकाश राठी, मंडल संगठन प्रभारी योगी अशोक सुरेलिया एडवोकेट, मंडल महामंत्री खेमसिंह शेखावत, शक्ति केंद्र प्रभारी संजीव यादव, दिनेश सिंह, हरिराम स्वामी, रोहिताश सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दूसरी ओर सशक्त मण्डल अभियान के अन्तर्गत प्रागपुरा मण्डल के पाछूडाला, शक्ति केन्द्रों पर पहुँचकर शक्ति केन्द्र संयोजक, प्रभारी व बूथ अध्यक्षों का सत्यापन कार्य सम्पन्न किया। मण्डल महामंत्री मुखराम धनकड़ ने बताया कि इस मौके पर विधानसभा विराटनगर प्रवासी व जिला महामंत्री सुरेंद्र चौधरी, तेजपाल धनवाडिया, उप प्रधान राजेन्द्र सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जाट छात्रावास में जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन

### सभी जाति व वर्गो को साथ लेकर करेंगे जिले का विकास : जिला प्रमुख रमा चोपड़ा



**सीमा सन्देश संवाददाता**

**कोटपूतली।** स्थानीय महाराजा सूरजमल जाट छात्रावास में सोमवार को जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नवनिर्वाचित जिला प्रमुख रमा चोपड़ा, पावटा प्रधान पूजा चौधरी, बीएल जाट, जेईएन संजीव जाखड़, अमित ढाका, अजय बाज्या, रोहिताश बाज्या समेत पंचायत समिति सदस्य एवं सरपंचगणों को छात्रावास प्रबंधन समिति एवं जाट समाज द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला प्रमुख रमा चोपड़ा ने कहा कि सभी जाति व वर्गो को साथ लेकर जिले का विकास किया जायेगा। समारोह को पावटा प्रधान पूजा चौधरी, भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री कुलदीप धनकड़, पूर्व विधायक फूलचंद भिंडा, पूर्व सरपंच जगन फोगाट, पूर्व मंडी चेयरमैन सुरेश गिठाला, बंशीलाल गेट, सरपंच विपिन जाखड़, सोनू चौधरी, देवकरण मान, सरपंच प्रतिनिधि नेतराम ताखर व धर्मेंद्र चौधरी, भाजपा जिला महामंत्री एड. सुरेंद्र चौधरी, जयराम पलसानियां, प्रहलाद माठ, मेहरसिंह धनकड़, राजू धनकड़, जयराम थालोड़ आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान छात्रावास अध्यक्ष रोहताश कपूरिया, महामंत्री मनोज खोजा, कोषाध्यक्ष लीलाधर लम्बोरा, सुमेर दादरवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी, हरीराम जाखड़, छीतर जाट, भोजराज चौधरी, मनकु जाट, घड़सीराम, राजेंद्र मान, ब्रह्मप्रकाश धनकड़, राजेंद्र चौधरी, रामसिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## पुलिसमित्र व वन विभाग की टीम ने बचाई बंदरिया की जान

**सीमा सन्देश संवाददाता**

**पुष्कर/अजमेर।** जगतपिता ब्रह्मा मन्दिर के नजदीक स्थित कबीर मन्दिर के बाहर वानर दल में वर्चस्व को लेकर हुए लड़ाई में एक बन्दरिया गौद में बच्चा लिए गर्दन के बल तीन मंजिला इमारत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसकी सूचना स्थानीय लोगो ने आमजन व मूक पशुओ की जान बचाने वाली पुलिसमित्र टीम को दी। कोरोना की इस विषम परिस्थिति में जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के मुख्य उद्देश्य से पुलिसमित्र टीम का अभियान सतत जारी है। जिसके अंतर्गत घायल पशु-पक्षियों का उपचार वन विभाग एवं पशु चिकित्सकों की मदद से कर अपना जीव दया का दायित्व निभा रहे हैं। यशवंत पाराशर ने बताया कि कबीर मन्दिर के पास एक खाली बाड़े में बन्दरिया घायल अवस्था मे पड़ी है। जिसकी मदद की जाए, तो उसे जीवन दान मिल सकता है। सूचना पर पुष्कर थानाधिकारी महावीर शर्मा के निर्देशन में पुलिसमित्र टीम इंचार्ज अमित भट्ट के साथ राजेन्द्र वच्चानी, सांवरा शर्मा, मुकेश सेन, पूनमचन्द पाराशर व वनविभाग से वनकर्मी महेंद्र विश्नोई व भवरसिंह तुरन्त मोके पर पहुँचे। जिसे आधे घन्टे की मशक्कत के बाद पुलिसमित्र टीम व वनविभाग की टीम ने सुरक्षित पकड़कर उपचार उपरांत अजमेर रोड स्थित वनविभाग के रेस्क्यू सेंटर में सुरक्षार्थ रखा है।

## डांडिया महोत्सव... झूमा शाहपुरा



**सीमा सन्देश संवाददाता**

**पावटा/शाहपुरा।** कस्बे के वॉर्ड 13 के दीवानों के मोहल्ले में रविवार रात्रि को लाड़ली ग्रुप की ओर से नवरात्रि के पावन पर्व पर मां दुर्गा की आराधना के बाद भक्ति में झूमकर थिरकते कदम के साथ डांडिया महोत्सव में एक साथ एक ही ताल पर डांडिया खनकाए। लाड़ली ग्रुप की ओर से आयोजित डांडिया महोत्सव-2021 की शुरूआत नगरपालिका अध्यक्ष बंशीधर सैनी की पत्नी पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष मीना सैनी के मुख्य आतिथ्य व पार्षद पूनम शर्मा की अध्यक्षता में भक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की आराधना से हुई। इसके बाद डांडिया महोत्सव का रंगारंग आगाज हुआ। न सिर्फ यंगस्टर्स, बल्कि हर उम्र के लोगों ने हाथों में डांडिया स्टिक्स थामकर महोत्सव में देर रात तक गरबा रास का लुत्फ उठाया। ट्रेडिशनल ड्रेसेज और फ्यूजन बीट्स के बीच कदम खूब थिरके और ताल से ताल मिलाते रहे। इस मौके पर रिद्धि -सिद्धि ग्रुप की दिव्या सोनी, खुशी सोनी, राधिका शर्मा, आँचल अग्रवाल, टीना शर्मा, टीना मीणा, खुशी अग्रवाल द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। कन्या ग्रुप, भायली ग्रुप, लक्ष्मी ग्रुप, डी-3 ग्रुप की बालिकाओं व महिलाओं के द्वारा डांडिया महोत्सव में रंगारंग प्रस्तुति दी गई।

## एक सौ पचास व्यक्तियों को भोजन सेवा देकर मनाया जन्मदिन

**सीमा सन्देश संवाददाता**

**अजमेर।** श्री दिगम्बर जैन महासमिति अजमेर द्वारा अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश सचिव राजकुमार गर्ग के जन्मदिन के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में ग्रामीण क्षेत्रो व अजमेर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अपने रोग का उपचार करने वाले रोगियों एवम उनकी देखभाल करने वाले व्यक्तियों के साथ अन्य जरूरतमंद एक सौ पचास व्यक्तियों को शुद्ध एवम सात्विक भोजन कराया गया।

महामंत्री कमल गंगवाल ने बताया कि सामाजिक सरोकार के अंतर्गत महासमिति द्वारा समय समय पर समिति सदस्यों, समाजसेवियों के साथ भामाशाहो के जन्मदिन वैवाहिक वर्षगांठ एवम अन्य मांगलिक दिवस पर पीड़ित एवम जरूरतमंदों के साथ साथ जीवदया के कार्य संपादित कर रही हैं।

## गौवंश कुएं में गिरा, मौत



**सीमा सन्देश संवाददाता**

**पावटा।** ग्राम खेलना में एक गौवंश कुएं में गिर गया। जब गौवंश को कुएं में बाहर निकाला जब तक उसकी मौत हो चुकी थी। श्रीराम गौसेवा समिति सदस्य प्रहलाद सैन ने बताया कि सुबह सूचना मिली कि ग्राम पंचायत खेलना में एक गौवंश कुएं में गिर गया। मिली सूचना के कुछ समय बाद समिति सदस्य मौके पर पहुंचे, भामाशाह लोगों से सम्पर्क कर क्रेन की सहायता से 100-120 फीट गहरे कुएं में 3-4 घंटे की कड़ी मश्ककत से बेजुबान जीव नंदी बाबा को कुएं से बाहर निकाला लेकिन जब तक वह बाहर आता उससे पहले ही गौवंश ने प्राण त्याग दिए। बाद में ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार कर खुले कुएं को अतिशीघ्र बन्द करवाने का आग्रह सरपंच व ग्रामवासियों से किया। समिति सदस्यों ने बताया अगर ग्राम पंचायत द्वारा साधनों की सहायता समय पर मिल पाती तो बेजुबान जीव के प्राण बचाए जा सकते थे।

## आज का राशिफल

**12 अक्टूबर, 2021 मंगलवार**

**श्रीचन्द शर्मा शास्त्री,** श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

आश्विन मास, शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी, नक्षत्र-मूल, योग-शोभन, करण-गर, सूर्योदय-6.32, सूर्यास्त 6.00 बजे।

**ग्रह स्थिति :** सूर्य-कन्या, चन्द्र-धनु, मंगल-कन्या, बुध-कन्या, गुरु-मकर, शुक्र-वृश्चिक, शनि-मकर, राहु-वृष, केतु-वृश्चिक राशि में स्थित है।

**मेष :** पहले ही बेहतर धन लाभ के अवसर विशेष प्रयास करने पर। किसी प्रियजन के सहयोग से कार्य क्षेत्र में सफलता। विदेशी लाभ सम्भव।

**वृष :** विशेष परिस्थिति का सामना तथापी धनागमन के साधन बनते रहेंगे। चल रहे काम के प्रति उतरोत्तर लगाव कम होता नज़र आएगा।

**मिथुन :** गुरु का प्रभाव विचार अविचार की स्थिति। धार्मिक रूझान से आत्म संतोष। आमदनी के साधनों में मंदगति। यात्रा में तकलीफ।

**कर्क :** गुरु का अवलोकन पारिवारिक माहौल सुखद। शुभ एवं धार्मिक खर्च के साथ शुभ यात्रा। राजकीय क्षेत्र कुछ विघ्न युक्त रह सकते हैं।

**सिंह :** विशेष निर्णय पारिवारिक सहयोग एवं परामर्श लेना हितकारक। धीरे-धीरे समय अनुकूल होता हुआ अनुभव में आएगा। यात्रा सम्भव।

**कन्या :** अत्यंत संघर्ष के बाद भी लाभ की संभावना साधारण। आपकी सही बात का निकटस्थ गलत अर्थ निकालेंगे। विवाद की संभावना।

**तुला :** मेहनतपूर्वक दिनचर्या से विशेष लक्ष्य हासिल। पुरुषार्थ की वृद्धि सार्थक सफलता। यशस्वी कार्य करने का अवसर प्राप्त।

**वृश्चिक :** अच्छे आश्वासनों से मन आश्वासित। धनागमन में देरी सम्भव। राजकीय बड़े पदासीन लोगों का वरदहस्त। जिदद् से नुकसान।

**धनु :** व्यावसायिक व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य नरम। आशाओं के अनुकूल स्थितियां निकट भविष्य में। सोचे हुए काम भी बनेंगे।

**मकर :** अध्ययन तथा तदजनित कार्यों में अच्छे लाभ की सम्भावना। परिवार व अपनों के विपरीत माहौल देखकर मन में आश्चर्य।

**कुम्भ :** रूका धन मिलने से परेशानी। यात्रा में भय की स्थिति। अपने ही साज़िश रचते नज़र आएंगे। हौसला भी कायम।

**मीन :** आर्थिक योजना क्रियान्वयन करने में समय व्यतीत। सावधानीपूर्वक कार्य करने से लाभ सम्भव। चौटादि का भय रहेगा।

## वाल्मीकि नवयुवक मंडल की बैठक आयोजित

**सीमा सन्देश संवाददाता**

**पावटा।** कस्बा पावटा स्थित वाल्मीकि सामुदायिक भवन पर वाल्मीकि नवयुवक मंडल की बैठक अध्यक्ष हनुमान सारसर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 20 अक्टूबर को भगवान वाल्मीकि की जयंती निर्णय लिया गया। मंडल समिति सदस्य प्रदीप सक्सेना ने बताया कि कोरोना गाईडलाईन को ध्यान में रखकर जयंती का आयोजन किया जायेगा। बैठक में भगवान सहाय शास्त्री, सुनिल कुमार, बृजमोहन, मनोज कुमार, अमित कुमार, राहुल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## पुराने पशु चिकित्सालय में पार्किंग तैयार

**सीमा सन्देश संवाददाता**

**अजमेर।** स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत नया बाजार स्थित पुराने पशु चिकित्सालय में दो पहिया वाहन पार्किंग की जल्द ही सौगात मिलने जा रही है। यहां पर पार्किंग बनकर तैयार हो गई है। पार्किंग सुविधा मिलने के बाद पुरानी मंडी के बाहर पार्किंग से निजाद मिलेगी और यातायात सुगम होगा। शहर के बीचों-बीच नया बाजार में नवनिर्मित पार्किंग में 500 दुपहिया वाहनों को पार्क किया जा सकेगा।

पुराने पशु चिकित्सालय में पार्किंग का निर्माण किया गया है। उल्लेखनीय है कि शहर के मुख्य बाजार में पार्किंग नहीं होने से



अधिकांश वाहन बेतरतीब ईधर-उधर खड़े रहते हैं। जिसकी वजह से वाहनों को गुजरने एवं राहगीरों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। चूडी बाजार से पुरानीमंडी के कौने पर दो पहिया वाहन पार्क किए जाने से आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसी प्रकार सेंट्रल गर्ल्स स्कूल के पीछे 35 से 40 मीटर दीवार का निर्माण भी पूर्ण कर लिया गया है। पुराने पशु चिकित्सालय के मुख्यद्वार के पास बुर्ज का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। अस्तबल के सामने कोबल का कार्य प्रगतिरत है। दीवारों पर मैसनरी का कार्य भी किया जा रहा है।

# आईपीएस मेहरड़ा कायम कर रहे है मानवता की मिसाल

**सीमा सन्देश संवाददाता**

**पुष्कर/अजमेर।** जीवन में कई अधिकारी आते हैं और अपनी नौकरी करके चले जाते हैं लेकिन ऐसे बहुत कम अधिकारी देखने को मिलते है जो अपनी नोकरी के साथ साथ सामाजिक सरोकार के कार्य करके मानवता की मिसाल तो कायम कर रहे है। बल्कि लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी कर रहे है ऐसे ही अधिकारी है आईपीएस सुमित मेहरड़ा जो गत चार सप्ताह से पुष्कर की पुलिस मित्र टीम के साथ मिलकर पुष्कर के प्रमुख स्थानों पर स्वच्छता अभियान चला रखा है। बड़े दुर्भाग्य की



बात है कि पुष्कर में विभिन संगठन बन रखे है और कई लोग सोशल मीडिया में दिनभर बड़ी बड़ी डींगें हांकते रहते है। एक दूसरे पर आरोप लगाते रहते है लेकिन गत चार सप्ताह से निस्वार्थ भावना से एक आईपीएस अधिकारी ने धार्मिक नगरी को स्वच्छ बनाने का बीड़ा उठा रखा है। पुलिस मित्र टीम के साथ स्वच्छता अभियान चला रखा है लेकिन बड़े दुख की बात है कि इतने बड़े परोपकारी कार्य मे एक भी न तो स्थानीय संगठन ओर स्थानीय पुरोहित आगे आये और नहीं सोशल मीडिया में बड़ी बड़ी डींगें हांकने वाले खेर हमारे पुरोहित भाइयों की तो छोड़ो उनको तो कमाने से ही फुर्सत नही। हम सबको ऐसे अधिकारी से प्रेरणा लेनी चाहिए जो धार्मिक नगरी पुष्कर को स्वच्छ करने का बीड़ा उठा रखा है ऐसे अधिकारी की जितनी भी प्रशंसा की जाए कम है ऐसे परोपकारी कार्य के लिए हम सभी को आगे आना चाहिए।

## वर्ग पहेली क्रमांक 6081



AMRITA NANDANWAR Mob 09822568532

*बायें से दायें:-* 1) एक *(दो से अविभाज्य)* संख्या, 3) स्वस्थ, 6) हाँ कहलवाना, 8) आँखों से ओझल, 10) ऊँचाई, 11) चेहरे की बनावट, 12) शीर्षक, 13) चाहे जो एक; लगभग, 14) सूर्यप्रकाश, 15) निगाह, 16) बाज़ी, 17) स्थगित, 19) कमानेवाला, 20) अंधा, 21) लगभग, 23) यमुना, 26) धूल, 28) मुँह पोंछने का चौकोर कपड़ा, 29) कृतघ्नता.

*ऊपर से नीचे:-* 1) फलना-फूलना, 2) सामने, 3) ज़ोर का आवाज, 4) गुफ़्तगू; इधर उधर की बातें, 5) हुड़दंग, 7) वास्तव में, 9) एक लिपि जिसमें अंग्रेजी आदि भाषाएँ लिखी जाती हैं, 13) सामान्य दोष; त्रुटि, 14) कपटी, 16) ढंग, 17) रुकावट; प्रतिबंध, 18) अपमानित, 20) ख़ात्मा, 22) पगला, 24) बिकट, 25) पर्यटक; मुसाफ़िर, 27) जलन.

(उत्तरः अगले अंक में)

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | रे | | व | न | वा | स | | ब | म |
| ग | | अ | न्य | | ता | | त | र | ल |
| ल | च | र | | ने | व | ला | | छा | या |
| ब | | सा | थ | | र | ज | क | | ल |
| ग | प | | का | र | ण | | च | र | म |
| ल | ट | क | न | | | आ | रा | म | |
| | क | | | स | ते | ज | | क | र |
| अ | ना | व | श्य | क | | | ज | ना | ब |
| स्त | | हीं | | ता | ल | मे | ल | | ड़ |



## ईच्छापूर्ति कॉम का शुभारंभ

**चूरू (सीमा सन्देश सं.)।** शहर के स्थानीय अग्रसेन नगर में मूर्ति सर्किल स्थित शिव शक्ति डिपार्टमेंटल स्टोर अन्तर्गत नव स्थापित ईच्छापूर्ति कॉम का शुभारंभ राष्ट्रीय प्रमुख गौरव श्रीवास्तव ने किया। ईच्छापूर्ति कॉम के राष्ट्रीय प्रमुख श्रीवास्तव अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, विशिष्ट अतिथि निलेश गुप्ता, क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेंद्र पुरोहित ने विचार व्यक्त किए। श्रीवास्तव ने ईच्छापूर्ति कॉम की गतिविधियों पर चर्चा करते हुए ग्राहको को दी जानेवाली सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। अभिषेक शर्मा व जीतेंद्र शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन मुकुल भाटी ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित थे।



## पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी का गठन

**चिड़ावा (सीमा सन्देश सं.)।** राजस्थान राज्य विद्युत निगमों में कार्यरत कनिष्ठ अभियंताओं के संगठन पॉवर इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान का 10 वां प्रांतीय अधिवेशन जयपुर में आयोजित हुआ। जिसमें प्रदेशभर के कनिष्ठ अभियंताओं ने हिस्सा लिया। अधिवेशन में संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से हेमंत कुमार को प्रदेशाध्यक्ष, राहुल वर्मा को महासचिव नियुक्त किया गया। वहीं अलग-अलग निगमों की केंद्रीय कार्यकारिणी भी बनाई गई। जिसमें झुंझुनूं के चिड़ावा से विकास चौधरी, गंगापुर सिटी से क्षेत्रपाल मुद्गल, हर्षित शुक्ला, विनोद फगेडि ?ा को नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्य विकास चौधरी ने बताया कि जल्द ही आगामी रणनीति तय कर लंबित मांगों को लेकर आंदोलन किया जाएगा।



## पिलानी विधानसभा में कांग्रेस सेवादल का सदस्यता अभियान शुरू

**चिड़ावा (सीमा सन्देश सं.)।** कांग्रेस सेवादल की ओर से सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। जिसका शुभारंभ रविवार को विधायक जेपी चंदेलिया ने किया। विधायक ने सेवादल पदाधिकारियों से अभियान से जुड़ी जानकारी ली। सेवादल के संजय नूनियां ने बताया कि अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस सेवा दल के सदस्य बनाए जाएंगे। जिसकी कार्यकताओं और पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गई हैं। इस मौके पर सुभाष भांबू, शीशराम गोस्वामी, डॉ.हरिसिंह सांखला, समाजसेवी सुरेंद्र सैनी, रणवीर धायल, विनोद सोमरा, पार्षद विनोद झाझडिया, सुरेश डांगी ओजटू, राधेश्याम सुखाडिया, सुशील काजला आदि मौजूद थे।

## सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन 26 अक्टूबर तक

**चूरू (सीमा सन्देश सं.)।** सैनिक स्कूल झुंझुनूं पोस्ट दोरासर में आगामी सत्र में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों के आवेदन 26 अक्टूबर तक लिए जाएंगे। स्कूल में आगामी सत्र में 90 बालकों व 10 बालिकाओं को प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी विद्यार्थी एनटीए की वेबसाइट व सैनिक स्कूल झुंझुनूं की वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।



## लोढ़सर में हुआ विधिक चेतना शिविर

**सुजानगढ़ (सीमा सन्देश सं.)।** ताल्लुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में ग्राम पंचायत लोढ़सर में ग्रामीणों की बैठक का आयोजन विधिक जागरूकता के लिए किया गया। जिसमें पैनल अधिवक्ता एडवोकेट श्यामसुंदर खंडेलवाल, पीएलवी सरिता गोयल ने अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को न्याय दिलवाने के बारे में जानकारी दी। अध्यक्षता सुखदेव नवहाल ने की। बैठक के बाद घर-घर जाकर लोगों को कानूनी जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत के पंच सुरेश कंवर, दुर्गेश कंवर, मदनलाल भामू, कमलसिंह, एडवोकेट हरीश गुलेरिया आदि मौजूद रहे। दामोदर शर्मा ने आभार प्रकट किया।

# चिड़ावा सीएचसी में वातानुकुलित दो ओपीडी चैंबर का शुभारंभ



**चिड़ावा (सीमा सन्देश सं.)।** राजकीय सामुदायिक अस्पताल में भामाशाह के सहयोग से बनाए वातानुकुलित दो ओपीडी चैंबर्स का शुभारंभ रविवार को हुआ।

विधायक जेपी चंदेलिया, भामाशाह केएम मोदी, बीसीएमओ डॉ.संतकुमार जांगिड़ और सीएचसी प्रभारी डॉ.नितेश जांगिड़ ने चैंबर्स का उद्घाटन किया। विधायक चंदेलिया ने भामाशाह मोदी के प्रयासों की सराहना की। सीएचसी प्रभारी डॉ.जांगिड़ ने बताया कि अस्पताल में डॉक्टरों की पोस्ट भरने के बाद ओपीडी चैंबर की कमी महसूस हो रही थी। जो कि भामाशाह के सहयोग से दो चैंबर बनने के बाद काफी हद तक पूर्ण हो गई। चैंबर बनाने पर करीब दो लाख रुपए की लागत आई। भामाशाह मोदी ने एक करोड़ तक के कार्य करवाए जाने का आश्वासन दिया। विधायक चंदेलिया ने अस्पताल स्टाफ से चिकित्सा सुविधाओं से जुड़ी जानकारी ली।

इस मौके पर पार्षद कोच राजेंद्रपाल सिंह, समाजसेवी सुरेंद्र सैनी, डॉ.रघुवीर सिंह मील, डॉ.अनिल लांबा, डॉ.टीना ढाका, डॉ.जेपी धायल, मेल नर्स-प्रथम रणसिंह डैला, फार्मासिस्ट बुंटीराम, संजय नूनियां, मेहर कटारिया, सुभाष भांबू अलीपुर, सुरेश डांगी ओजटू, विनोद सोमरा, रणवीर धायल, राधेश्याम सुखाडिया आदि मौजूद थे।

## चाड़वास में लगा प्रशासन गांवो के संग शिविर

**सुजानगढ़ (सीमा सन्देश सं.)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत चाड़वास में प्रशासन गांवो के संग शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम विकास अधिकारी नानूराम शेरडिया ने बताया कि उपखंड अधिकारी बीदासर की देखरेख में आयोजित शिविर में प्रधान संतोष मेघवाल, सपंच कांता देवी गोदारा, तहसीलदार, विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शिरकत की। शिविर का रतनगढ़ विधायक अभिनेष महर्षि ने अवलोकन भी किया। करीब 10 दिव्यांगों को परिवहन विभाग द्वारा दिया जाने वाला यात्रा पास मुहैया करवाया गया। मोटाराम मेघवाल को सेंसर लगी छड़ी प्रदान की गई। करीब 164 लोगों का वेक्सीनेशन भी शिविर में किया गया।



## शिविर में लम्बित आवेदनों का किया निस्तारण

**नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं.)।** प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत सोमवार को नगरपालिका सभागार में शिविर लगाया गया। नगरपालिका ईओ राकेश कुमार ने बताया कि इस मौके पर स्टेट ग्रान्ट एक्ट के तहत 13 आवेदन पत्र, कृषि भूमि नियमन के तीन आवेदन पत्र, धारा 69क के तीन आवेदन, पट्टा नवीनीकरण के दो आवेदन, निर्माण स्वीकृति का एकआवेदन, जन्म-मृत्यु/विवाह पंजीयन के 35 आवेदन तथा कुल 57 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। इन्दिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना के 40 आवेदन वितरित किए गए तथा 35 आवेदन ऑनलाईन करवाए गए। नगरपालिका द्वारा पूर्व के लम्बित आवेदनों में से दो स्टेट ग्रान्ट एक्ट पट्टों का नवीनीकरण, एक नामान्तरण आदेश, जन्म-मृत्यु के 35 आवेदन एवं एक नामान्तरण आदेश कुल 39 आवेदनों का निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त 10 ओ.पी.डी. मरीजों की जांच कर निदान किया गया। इस दौरान गरपालिका अध्यक्ष शोयब खत्री, उपाध्यक्ष कैलाश चोटिया, ईओ राकेश कुमार, कनिष्ठ अभियन्ता प्रशांत कलोरिया, बजरंगलाल कुमावत, वरिष्ठ प्रारूपकार प्रदीप सैनी, स्टोर कीपर अनिल शर्मा, भूमि शाखा लिपिक विजय सिंह राणा, भंवर सिंह बगडिया, तारावती, रसद शाखा से कनिष्ठ सहायक श्यामसुन्दर शर्मा, सावित्री देवी, सुगना, सुलतान सैनी, हेल्पडेस्क अजय पंवार आदि मौजूद थे।

## स्वायत शासन मंत्री के नाम दिया ज्ञापन

**सुजानगढ़ (सीमा सन्देश सं.)।** स्थानीय एडीएम कार्यालय में स्वायत शासन मंत्री शांति धारीवाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। नूर मोहम्मद खान, जितेंद्र भार्गव की ओर से दिये गये ज्ञापन में बताया गया है कि नगरपरिषद द्वारा अगर पट्टे बनाने का कार्य समय पर किया जावे, तो करोड़ों रुपए का राजस्व प्राप्त हो सकता है। लेकिन राजस्व विभाग द्वारा करीब 300 खसरों का सर्वे करवाकर नगरपरिषद को भिजवाये जाने के बावजूद भी एक माह का समय बीत गया है और इन्हें अब तक खारिज नहीं किया गया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि नगरपरिषद को खसरे खारिज करने के लिए पाबंद किया जावे।



## नवरात्रि का चौथा दिन मां कुष्मांडा पूजा अर्चना



**चूरू (सीमा सन्देश सं.)।** अंचल में शारदीय नवरात्र के तहत चल रहे दुर्गा पूजा महोत्सवों व घरों-मंदिरों में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के कुष्मांडा रूप की आराधना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसी क्रम में सिंगी धोरा स्थित सच्चियाय माता मंदिर में प्रवीण बैद व उनकी धर्मपत्नी सीमा बैद ने शास्त्रोक्त विधि से पूजा अर्चना की मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर राजकुमार सिंघी, राजेंद्र सुराणा, राजकुमार बैद, प्रदीप पटवारी, प्रीति पटवारी, राजश्री सिंगी, राजेंद्र सुराणा व रुक्मणी आदि श्रद्धालुओं ने आरती में भाग ले कोरोना मुक्त विश्व की कामना की। पूजा अर्चना पं. शुभकरण शर्मा ने करवाई।

### मां जीण भवानी का सजा दरबार

गांव रामसरा स्थित वीर हनुमान शिव जीण धाम में शारदीय नवरात्र स्थापित मां की सेवा अर्चना की जा रही है। सुबह शाम ग्रामीण आरती में भाग ले सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। पुजारी ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि इस मौके पर मंदिर में दुर्गा सप्तशक्ति पाठ, स्रोत व सायंकालीन आरती के बाद गायक कलाकारों ने भजनों से मां दुर्गा को रिझाया।



## जालान परिवार के शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान पर चार पीढ़ी के सदस्यों का किया सम्मान

**नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं.)।** वैश्य समाज सुधार समिति की ओर से अन्तरराष्ट्रीय बालिका दिवस सोमवार को कस्बे स्थित श्री एसएन बीएड कॉलेज सभागार में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बनवारी लाल जालान थे। अध्यक्षता समिति अध्यक्ष रामगोपाल गुप्ता ने की। विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश जालान व पवन कुमार जालान थे। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष श्रीकांत मुरारका ने बालिका शिक्षा की आवश्यकता, देश व समाज में मातृशक्ति के कार्यों का विवेचन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने का आह्वान किया। जालान परिवार के शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान के लिए समिति की ओर से उपस्थित चार पीढ़ी के सदस्यों का सम्मान किया गया। श्री नवलगढ़ विद्यालय कमेटी के अध्यक्ष बनवारी लाल जालान, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जालान, सचिव पवन कुमार जालान व अनन्त कुमार जालान का रामगोपाल गुप्ता, हरीश परसरामपुरिया व विजयप्रकाश धूत ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सुधा जालान, वीना जालान, रश्मि जालान, वनिका जालान, नुपूर देसाई का संगीता धूत, मुस्कान बेड़ीवाल ने चुन्दड़ी ओढ़ाकर सम्मान किया। इस दौरान सर्वश्रेष्ठ शिक्षिका वंदना शर्मा, अधिकतम अंक हासिल करने वाली छात्राओं का भी सम्मान किया गया।

## शराब कारोबारियों का धरना चौथे दिन जारी

**चूरू (सीमा सन्देश सं.)।** शराब एसोसिएशन से जुड़े शराब कारोबारियों की ओर से अपनी मांगों को लेकर राजगढ़ आरओबी के पास शुरू किया गया धरना सोमवार को भी जारी रहा। धरने पर बैठे शराब कारोबारियों ने नारेबाजी कर अपनी मांगें बुलंद की। पदाधिकारियों का कहना था कि राज्य सरकार की शराब नीति से आरएसबीसीएल को रोजाना करीब दो करोड़ रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। एसोशिएसन के लखेन्द्र दांदू ने बताया कि आगे की सरकार ने मांगें नहीं मानी तो आगामी रणनीति तय कर आंदोलन को तेज किया जाएगा। सोमवार को धरने के कारण आबकारी विभाग के गोदाम में जीरो बिलिंग हुई है। मांगें नहीं माने जाने पर शराब कारोबारियों ने अपनी दुकानों की चाबी सरकार को सौंपने की चेतावनी दी। आरएसबीसीएल व आरटीडीसी ने दुकानें ली थी, वो भी कम बिक्री के कारण सरेंडर कर दी गई हैं। इसलिए आम शराब कारोबारी को भी दुकानें सरेंडर करनी पड़ेंगी। धरने पर शराब कारोबार से जुड़े विनीत कस्वां, लखेंद्र दांदू, कैलाश, रमेश शर्मा, पवन रणवा, कृपाल सिंह, भवानी सिंह, रणवीर सिंह, ओमसिंह व प्रकाश आदि मौजूद थे।



## कोलसिया में जागरण कल

**नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं.)।** गांव कोलसिया के मुख्य चौक स्थित सुरजल माता मंदिर में नवरात्रा महोत्सव के तहत 13 अक्टूबर को रात सवा नौ बजे से जागरण होगा।

## सीएलजी सदस्यों की हुई बैठक



**सुजानगढ़ (सीमा सन्देश सं.)।** दुर्गाष्टमी, महानवमी, विजयादशमी, मिलाद उन नब्बी आदि त्योहारों की तैयारियों को लेकर सीएलजी सदस्यों की बैठक का आयोजन मांडेता स्थित पुलिस थाना परिसर में किया गया। सीआई सत्येंद्र कुमार ने बैठक में कहा कि सुजानगढ़ क्षेत्र सामाजिक सद्भाव की मिशाल रहा है, इसलिए आगामी त्यौंहारों में भी हम सब मिलकर सामाजिक सद्भाव की इस परंपरा को और ज्यादा बलवती करेंगे।

बैठक में आवारा पशुओं की शहर में व्याप्त समस्या भी उठी। हॉस्पीटल व गांधी चौक के पास ट्रेफिक के लिए विशेष व्यवस्था किए जाने का फैसला लिया गया। सभापति प्रतिनिधि मोहम्मद इदरीश गौरी ने कहा कि शास्त्री प्याउ के पास से सड़क का पेचवर्क कार्य शुरू हो गया है। दीवाली तक मुख्य सड़कें सही करवा दी जायेंगी। बैठक में ओबीसी प्रकोष्ठ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बजरंग सैन, पार्षद मुकुल मिश्रा, शंकरलाल स्वामी, मदन सोनी, श्याम स्वर्णकार, कन्हैयालाल माली, संदीप बेडिया, इलियास खां, जावेद खिची, सलीम गौरी, बजरंग सोनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## धरने को पूरे हुए तीन सौ दिन

**सुजानगढ़ (सीमा सन्देश सं.)।** किसानों का धरना उपखंड कार्यालय पर लगातार 300 वें दिन भी जारी रहा। धरने पर आये किसान नेता कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया ने बताया कि लखीमपुर खिरी के शहीद किसानों को श्रद्धांजली देने के लिए 12 अक्टूबर को धरना स्थल पर श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया जायेगा। रूलाणिया ने अधिक से अधिक किसानों से उपखंड कार्यालय के सामने चल रहे धरने पर पहुंचने की अपील की। इस दौरान एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, जगदेव बेड़ा, किसनलाल छरंग, नगेंद्र जाट, जितेंद्र भार्गव, नूर मोहम्मद खान, कालूराम जोगलिया, तेजपाल गोदारा, महबूब बडगुजर सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### एटीएम उखाड़ ले जाने का मामला

## संदिग्धों से पूछताछ, तलाश में जुटी पुलिस

**चिड़ावा (सीमा सन्देश सं.)।** बाइपास रोड चौराहे से रुपयों से भरा एटीएम उखाड़ ले जाने के मामले में दो दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस की पांच टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। रविवार को भी पुलिस टीमों ने मेवाड़ और हरियाणा के विभिन्न ठिकानों पर दबिश दी। आरोपियों तक पहुंचने के लिए हरियाणा पुलिस की भी मदद ली जा रही है। उधर, रात को पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर नाकाबंदी कर सात संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से दो-तीन गाडि ?ां भी जब्त की गई। वहीं पुलिस की टीम ने मेवात क्षेत्र में भी डेरा डाल रखा है। डीएसटी, क्यूआरटी, बुहाना, सिंघाना, सूरजगढ़ और चिड़ावा की टीमें आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही हैं। सूत्रों के अनुसार जल्द ही एटीएम लुटने के आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि गुरुवार-शुक्रवार की रात करीब सवा दो बजे कार सवार बदमाशों ने बाइपास रोड चौराहा पर एसबीआई बैंक के एटीएम को उखाड़ लिया था। जिसमें 12 लाख 6 0 हजार पांच सौ रुपए भरे हुए थे। आरोपियों ने इस एटीएम को उखाडने से पहले मंड्रेला मोड़ तिराहे पर लगे बीओबी के एटीएम के कैमरों पर स्प्रे कर वारदात को अंजाम देने के प्रयास किए गएथे। मगर यहां कामयाब नहीं हो सके।

## स्वतंत्र माइक्रो हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लि.

**कार्यालय नं. 1, भूतल, पुष्पक सीएचएसएल, गोमान्तक हाल के सामने, मालवीय रोड, विले पार्ले (ईस्ट), मुम्बई 400 057, टेलि.- 022 26101076-79**

svatantra Micro Housing Finance Corporation

**जनसामान्य को नीलामी-कम-निविदा विक्रय सूचना**

चूंकि प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अधीन प्राधिकृत अधिकारी ने नीचे सारणी में उल्लेखित डिमांड नोटिस ऋणधारकों/ जमानतदारों/बंधककर्ताओं (इन्हें यहां ऋणधारक कहा गया है) से वसूली के लिए जारी किये थे। आगे, प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 में प्रदत्त शक्तियों की पालना में प्राधिकृत अधिकारी ने ऋणधारकों द्वारा प्राप्त की गई ऋण/ साख सुविधा के बदले प्रतिभूति के रूप में बंधक रखी गई नीचे उल्लेखित सुरक्षित आस्तियों का कब्जा प्राप्त कर लिया। चूंकि स्वतंत्र माइक्रो हाउसिंग फाइनेन्स हाउसिंग फाइनेन्स कॉरपोरेशन लि.,(एसएमएचएफसी) की बकाया सुरक्षित की वसूली के लिए सार्वजनिक नीलामी कम निविदा के माध्यम से सुरक्षित आस्ति(ों) का विक्रय किया जाना है। जन सामान्य को व्यक्तिगत रूप से या अधिकृत एजेंट के माध्यम से बोली देने के लिए आमंत्रित किया जाता है। ऋणधारकों/ बकाया राशि/ सम्पत्तियों/ आरक्षित मूल्य/ ईएमडी राशि, ईएमडी जमा की तिथि व समय/ निरीक्षण की तिथि व समय/ नीलामी की तिथि व समय :

| ऋणधारक/जमानतदारों/ बंधककर्ताओं का नाम व पता | डिमांड नोटिस तिथि बकाया राशि | बंधककर्ता (सम्पत्ति का मालिक) के नाम सहित सम्पत्ति का ब्यौरा | आरक्षित मूल्य व बयाना राशि जमा (ईएमडी) |
|---|---|---|---|
| श्रीमती शम्पा बर्मन<br>श्री विनोद बर्मन | 03-06-2021<br>रु. 5, 79,338/-(रुपए पांच लाख उन्यासी हजार तीन सौ अड़तीस मात्र) | फ्लैट नं. 305, ए, औरिक सिटी होम्स खसरा नं. 629, 630/1, 637/2, 1176/826, जयसिंहपुरा बास, नजदीक जयसिंहपुरा बास बीएसयूपी प्रोजेक्ट, भांकरोटा, अजमेर रोड, तहसील : सांगानेर, जयपुर, राजस्थान-302026 | रु. 6.50 लाख<br>रु. 65,000/- |
| श्रीमती सीमा दाधिच<br>श्री आशिष कुमार दाधिच | 06-04-2021<br>रु. 4,75,872/-(रुपए चार लाख पिचहत्तर हजार आठ सौ बहत्तर मात्र) | फ्लैट नं. 214-डी, आदिनाथ नगर बी, आदिनाथ नगर ए और बी फेज - प्रथम सूरज कुंड रोड वार्ड नं. 19, तहसील चाकसू, जिला जयपुर 303901 | रु. 3.50 लाख<br>रु. 35,000/- |
| श्री हजारी लाल शर्मा<br>श्रीमती तारा देवी | 06-04-2021<br>रु. 1,98,239/-(रुपए एक लाख अठानवे हजार दो सौ उनतालीस मात्र) | फ्लैट नं. 5, एच2, रवील - जेपी 22 : भैरव टाउनशिप प्राइवेट लिमिटेड - रामला का बास - जेडीए गांव - रामला का बास, तहसील जयपुर, जिला जयपुर, पिन 303706 | रु. 1.60 लाख<br>रु. 16,000/- |
| श्री बिरेन्दर कुमार<br>श्रीमती पूनम देवी | 06-04-2021<br>रु. 4,23,011/-(रुपए चार लाख तेइस हजार ग्यारह मात्र) | फ्लैट नं ई-18/202, ई-18, बड़ी आनंदा खसरा नं. 577/1514, 578, 579, 584, 585, 586, 587, 588, 589/1516 झिवाना में, और 1, 2, 3, 4, 4/262 खाटियावास में, सैक्टर 70 टपुकड़ा, नजदीक हार्वेस्ट गोल्ड ब्रेड फैक्टरी, झिवाना रोड, तहसील तिजारा, भिवाड़ी जिला अलवर - 301707 | रु. 8.00 लाख<br>रु. 80,000/- |
| श्रीमती अनिता देवी<br>श्री जीवन कुमार शर्मा<br>श्री करण कुमार | 06-04-2021<br>रु. 6,18,555/-(रुपए छह लाख अठारह हजार पांच सौ पिचपन मात्र) | फ्लैट नं. एल- 14/ जी2, एल -14, बड़ी आनंदा खसरा नं. 577/1514, 578, 579, 584, 585, 586, 587, 588, 589/1516 झिवाना में और 1, 2, 3, 4, 4/262 खाटियावास में, सैक्टर 70 टपुकड़ा, नजदीक हार्वेस्ट गोल्ड ब्रेड फैक्टरी, झिवाना रोड, तहसील तिजारा, भिवाड़ी, जिला अलवर - 301707 | रु. 10.00 लाख<br>रु. 1,00,000/- |
| श्रीमती सुनील कुमारी<br>श्री कप्तान सिंह | 06-04-2021<br>रु. 3,89,374/-(रुपए तीन लाख उनासी हजार तीन सौ चौहत्तर मात्र) | फ्लैट नं. ई19/यूजी1, ई19, बड़ी आनंदा खसरा नं. 577/1514, 578, 579, 584, 585, 586,587, 588, 589/1516 झिवाना में और 1, 2, 3, 4, 4/262 खाटियावास में, सैक्टर 70 टपुकड़ा, नजदीक हार्वेस्ट गोल्ड ब्रेड फैक्टरी, झिवाना रोड, तहसील तिजारा, भिवाड़ी, जिला अलवर - 301707 | रु. 8.00 लाख<br>रु. 80,000/- |
| श्रीमती बिमला<br>श्री नरेश | 03-12-2019<br>रु. 5,18,927/-(रुपए पांच लाख अठारह हजार नौ सौ सताइस मात्र) | फ्लैट नं. जी 196, पी 196 (प्लाट क्षेत्र 469.91 स्क्वैयर फीट ) सुभाश्रय - भिवाड़ी खसरा नं. 1592, 1596, 1633, 1631, 1602, 1602/2171, 1607, 1608, 1599, 1613 गांव इशरोड स्थित, तहसील - तिजारा जिला अलवर राजस्थान पिनकोड 301411 | रु. 8.50 लाख<br>रु. 85,000/- |
| श्री शिव कुमार गुप्ता<br>श्रीमती ममता | 06-04-2021<br>रु. 3,04,825/-(रुपए तीन लाख चार हजार आठ सौ पच्चीस मात्र) | फ्लैट नं. 201, एल 14, राविल - जेपी 23 पाटनी बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड - नगरपालिका चाकसू वार्ड नं. 18, बस स्टेण्ड के सामने, टोंक रोड, चाकसू, जयपुर - 303901 | रु. 2.20 लाख<br>रु. 20,000/- |
| श्रीमती सुमन कंवर<br>श्री गोविंद सिंह | 06-04-2021<br>रु. 4,49,416/-(रुपए चार लाख उनचास हजार चार सौ सोलह मात्र) | फ्लैट नं. 102, एल 13, राविल - जेपी 23 पाटनी बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड - नगरपालिका चाकसू वार्ड नं. 18, बस स्टेण्ड के सामने, टोंक रोड, चाकसू, जयपुर - 303901 | रु. 2.00 लाख<br>रु. 20,000/- |

**निरीक्षण की तिथि व समय : 08.11.2021- प्रातः 11.00 से दोपहर 1.00 बजे**
**ईएमडी को जमा करवाने की अंतिम तिथि व समय : 10.11.2021 को सायं 5.00 बजे तक**
**नीलामी की तिथि व समय : 12.11.2021- प्रातः 11.00 से दोपहर 12.00 बजे तक**

**ई-नीलामी बिक्री के नियम व शर्तें : यह बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों व शर्तों का विषय होगी और इन आगामी शर्तों का पालन करें :**

(i) सम्पत्ति का विक्रय 'जैसी है, जहां है' के आधार पर किया जाएगा।
(ii) सुरक्षित आस्तियों का विशेष विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सूचना के अनुसार ऊपर सूची में उल्लेखित किया गया है, लेकिन इसमें किसी भी तरह के भ्रम, अशुद्ध विवरण या त्रुटि के लिए प्राधिकृत अधिकारी जवाबदेय नहीं होगा।
(iii) सुरक्षित आस्तियों का विक्रय आरक्षित मूल्य से नीचे नहीं किया जाएगा।
(iv) नीलामी बिक्री ''नीलामी कम निविदा माध्यम'' से की जाएगी।
(v) बोलीदाताओं को यह भी सलाह दी जाती है कि विस्तृत नियमों व शर्तों के अनुसार इच्छुक बोलीदाता ''एसएमएचएफसी लि.'' के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट या खाता नं. 00608940000020 आईएफएससी कोड : एचडीएफसी0000060 में एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से ऊपर दिये खाता नम्बरों के अनुसार ईएमडी जमा करवा सकते हैं। ड्राफ्ट किसी सहकारी-बैंक का नहीं होना चाहिए।
(vi) बोलीदाता अपने दस्तावेज प्राधिकृत अधिकारी के ई-मेल पते के माध्यम से ई-मेल से प्रस्तुत कर सकते हैं और इन दस्तावेजों की स्व-हस्ताक्षरित हार्डकॉपीज (डिमांड ड्राफ्ट की मूल प्रति) लिफाफे में जिस पर 'खाता संख्या (खाता नम्बर उल्लेखित करें) में बोली' लिखा हो प्राधिकृत अधिकारी को भी ऊपर उल्लेखित किये गये शाखा पते पर प्रस्तुत करें।
(vii)नियम व शर्तों का अन्य विवरण वेबसाइट **www.svatantramhfc.com.** पर उपलब्ध है।

**आगे की पूछताछ एसएमएचएफसी के प्राधिकृत अधिकारी, श्री शारिक सौदागर (मो. 8879666943 या 022-26101076-79) ईमेल** sharik.saudagar@mhfcindia.com **के साथ स्पष्ट की जा सकती है।**

प्राधिकृत अधिकारी

स्थान : राजस्थान
दिनांक : 12/10/2021

**स्वतंत्र माइक्रो हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (एसएमएचएफसी) (सुरक्षित ऋणदाता)**

**बैठक** — ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम में यात्रा का स्वागत किया जाएगा

# वेदलक्षणा गो संदेश यात्रा 17 को चूरू में, तैयारियों पर चर्चा



**चूरू (सीमा सन्देश सं.)।** राजस्थान में भ्रमण कर रही वेदलक्षणा गो संदेश यात्रा 17 अक्टूबर को चूरू आएगी। यात्रा को लेकर रविवार को दादू भवन में हुई बैठक में 17 व 18 अक्टूबर को होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

जिला गोशाला संघ के जिलाध्यक्ष विमल सारस्वत ने बताया कि गो ऋषि स्वामी दत्तशरणानंद के सान्निध्य में चल रही वेदलक्षणा गो संदेश यात्रा के चूरू पहुंचने पर युवा कार्यकर्ता अगवानी करेंगे। ऋषिकुल ब्रह्मचर्याश्रम में यात्रा का स्वागत किया जाएगा। यात्रा स्थानीय दादा बाड़ी में पहुंचेगी।

यहां रात आठ बजे आयोजित संगोष्ठी में गो सेवा व गो संरक्षण को लेकर चर्चा की जाएगी। 18 अक्टूबर सुबह छह बजे सुरभि संकीर्तन व रास्तों की सफाई कर पॉलिथीन मुक्त क्षेत्र अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। सुबह आठ बजे हनुमानगढ़ी गोसेवा धाम में गोनंदी पूजन व हवन होगा। सुबह 11 बजे दादा बाड़ी में वेदलक्षणा गो महिमा सत्संग सभा होगी।

बैठक में गोसेवी सुशील बजाज, विश्वनाथ गोटेवाला, सुनील सरावगी, महेश गौड़, श्रीराम पीपलवा, रविशंकर जोशी, महेश मिश्रा, योगेश गोड़, सुरेश पीपलवा, कालू महर्षि, मनोज जोशी, सुरेश चोटिया, राजीव बहड़ आदि ने आयोजन संबंधी व्यवस्थाएं तय की।

## विचारदीप

**किरण चाहे सूर्य की हो या आशा की, जीवन के सभी अंधकार मिटा देती है।**

■ 12 अक्टूबर, मंगलवार 2021 ■ विक्रम सम्वत् 2078, आ.शु.7

# महंगा है मुफ्तखोरी का शौक

देश के कई हिस्सों में इन दिनों बिजली संकट की खासी चर्चा है। एक तरफ देशभर की बिजली कम्पनियों के सरकारी क्षेत्र में रहते हुए आर्थिक रूप से बेहाल होने के हालात बने हुए हैं और दूसरी तरफ इस क्षेत्र के निजीकरण का विरोध हो रहा है। सब लोग जानते हैं कि विगत कुछ वर्षों में विद्युत उत्पादन अनेक विवादों का कारण बना हुआ है। यदि बिजली कोयले से बनाई जाती है तो इनके बिजली घरों से वायु प्रदूषण का खतरा रहता है और यदि नदियों पर बांध बनाकर, पन बिजलीघरों से बिजली बनाई जाए तो भी पर्यावरणविद् इसके भयावह दुष्परिणामों की चर्चा करते हैं। एक विकल्प परमाणु बिजली घरों की स्थापना का था, लेकिन विश्वभर में जगह-जगह इनकी स्थापना का विरोध हुआ क्योंकि इनमें किसी भी दुर्घटना के समय परमाणु विकिरण का अंदेशा बना रहता है और वह उस इलाके की आबादी के जीवन और स्वास्थ्य के लिए बहुत बड़ा खतरा है।

इसके बाद गैर परम्परागत या अक्षय ऊर्जा के स्त्रोतों को टटोला गया। एक विकल्प है सौर ऊर्जा का और दूसरा पवन ऊर्जा का। देश में आज के बिजली संकट के दौरान बताया गया कि इन दिनों इन पवन ऊर्जा केन्द्रों पर हवा की गति बेहद कम हो जाती है इसलिए पवन ऊर्जा से मिलने वाली 2 हजार मेगावॉट के बदले यहां से 2-250 से मेगावॉट बिजली ही उत्पादित हो पा रही है। सौर ऊर्जा के साथ भी यही अनिश्चितता है। जिन दिनों में आसमान में बादल छाए रहते हैं, उन दिनों ये सौर ऊर्जा बिजली घर नाकारा साबित होते हैं। अब वैज्ञानिक अन्य अनेक तरीकों की खोज कर रहे हैं, जिनसे बिजली बनाई जा सके। एक स्त्रोत समुद्री लहरों का है। समुद्रों में ज्वारभाटा आता रहता है और यदि इन लहरों की ऊर्जा को टरबाइनों के माध्यम से बिजली में बदला जा सके तो यह भी एक विकल्प हो सकता है। अब यह देखना होगा कि यह विकल्प या अन्य विचारणीय विकल्प कितने संभाव्य और कितने खर्चीले होंगे।

अब जरा अधिक संवेदनशील मुद्दे पर आते हैं। आजादी के बाद से ही पूरे देश में यह वातावरण बना दिया गया था कि रेलवे व बस निगमों की बसें, बिजली सेवा, पेयजल, शिक्षा सेवा, चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवा आदि सरकारी क्षेत्र में आती है इसलिए इनका दुरुपयोग या चोरी सामान्य बात है। आज के बुजुर्ग लोगों को पता होगा कि किसी जमाने में रेलों/सरकारी बसों में हर रोज लाखों लोग बिना टिकट यात्रा करते थे। इन सरकारी सेवाओं के कर्मचारी भरपूर भ्रष्टाचार से मोटी आमदनी करते थे। इसी तरह सरकारी स्कूलों और हस्पतालों में लोगों से या तो शुल्क वसूला ही नहीं जाता था या नाममात्र। सरकारी बिजली और पेयजल को भी लोग अपने घर का मामला ही समझते थे। अव्वल तो इनकी दरें ही बहुत कम तय की जाती थी और आम लोग इन कम दरों पर भी बिल नहीं देते थे।

शुरू से नेताओं ने मुफ्त बिजली-पानी को चुनावी मुद्दा भी बना लिया। आज भी केजरीवाल जैसे नेता देशभर में मुफ्त बिजली देने की सरेआम घोषणा करते हैं। इन पर कोई अंकुश नहीं है। बिजली संकट का एक कारण यह भी है कि ज्यादातर राज्यों की बिजली कम्पनियों ने अपने द्वारा बरते गए कोयलों का भुगतान संबंधित कम्पनियों को नहीं किया गया है। इसका कारण है कि बिजली कम्पनियां कंगाल हो चुकी हैं। इसके बावजूद मुफ्त और सस्ती बिजली के नारे गुंजते रहते हैं। अब बदले भारत में समय आ गया है कि हम मुफ्त की वस्तुओं/सेवाओं का रवैया त्यागें, खुद भी कमाएं और देश की मूलभूत सेवाएं देने वाले क्षेत्रों को भी मजबूत करें।

# आम आदमी पार्टी ने जयपुर संगठन में फेरबदल किया

◆ **जवाहर जयपुर सम्भाग प्रभारी और जुगल जयपुर जिलाध्यक्ष घोषित**





**जयपुर (कासं.)।** आम आदमी पार्टी राजस्थान में अपने संगठन को मजबूत करने के मकसद से पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां देने का सिलसिला जारी रखे हुए है।

कल जयपुर के दो निगम अध्यक्षों की घोषणा की गई थी आज जयपुर के जिलाध्यक्ष रहे जवाहर शर्मा को जयपुर सम्भाग प्रभारी बना दिया है। उनके स्थान पर जुगल शर्मा को जयपुर जिले का अध्यक्ष घोषित किया गया है। प्रदेश प्रभारी और सांसद संजय सिंह जी की स्वीकृति और सह प्रभारी खेमचंद जागीरदारजी की सहमति से प्रदेश सचिव देवेंद्र शास्त्री ने उक्त घोषणा में बताया कि नई व्यवस्था में जुगल अब निगम क्षेत्र छोड़ कर जयपुर जिले में जिलां अध्यक्ष के नाते काम करेंगे। नई सभी नियुक्तियों की पुष्टि तीन महीने के कार्य प्रदर्शन से की जाए।




# अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं ने ली सशक्त बनने की शपथ

**कोटा (सीमा सन्देश सं.)।** जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक रामराज मीना ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर एचएनपी बालिका गृह नयापुरा कोटा में बाल अधिकारिता विभाग, चाइल्डलाइन, स्काउट गाइड, इनरव्हील क्लब कोटा, हाडोती नेटवर्क फॉर पीपल लिविंग विद एचआईवी एड्स समिति के संयुक्त तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मुख्य अतिथि अणिमा दाधीच सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कार्यक्रम अध्यक्ष रामराज मीना सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई, अरुण भार्गव सदस्य बाल कल्याण समिति, नोडल निदेशक चाइल्डलाइन कोटा से यज्ञदत्त हाड़ा, मुख्य वक्ता सुनीता जोली अध्यक्ष इनरव्हील क्लब कोटा , बाल संरक्षण अधिकारी दिनेश शर्मा आदि के सानिध्य में आयोजित की गई। बालिका दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत सहायक निदेशक रामराज मीना ने बालिकाओं को स्वयं को सशक्त बनाए के बारे में बताया। अणिमा दाधीच ने कहा कि बालिकाएं जब भी जरूरत समझे चाइल्डलाइन नंबर 1098 तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में संपर्क करें। मुख्य वक्ता सुनीता जोली ने बालिका सशक्तिकरण कविता के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। चाइल्डलाइन शहर समन्वयक रेखा शाक्य ने चाइल्ड लाइन 1098 की जानकारी सभी को दी।

कार्यक्रम का संचालन एचएनपी बालिका गृह के संचालक सुरेश जैन ने अपनी सहयोगी संगीता जैन के साथ संचालन किया। कार्यक्रम के दौरान चुप्पी दौड़े हमसे नाता जोड़े की शपथ बाल संरक्षण अधिकारी दिनेश शर्मा तथा यज्ञदत्त हाड़ा ने सभी को दिलाई। बालिका दिवस के कार्यक्रम के अवसर पर बालिकाओं ने अपनी सहभागिता में सांस्कृतिक कार्यक्रम, कविता पाठ आदि प्रस्तुत किए। बालिकाओं को मुख्य अतिथियों द्वारा इनरव्हील क्लब कोटा के माध्यम से व्यक्तिगत स्वच्छता किट जिसमें साबुन, टूथपेस्ट, टूटबुरुश तथा सैनिटरी नैपकिन भेंट की गई। इस अवसर पर स्काउट गाइड के आजीवन सदस्य नेमीचंद शर्मा, श्रीमती वंदना वर्मा , नवनीत, सौरभ मेहरा, सोफिया, कृतिका, संगीता, सुमन महर आदि ने भी उपस्थित रहकर कार्यक्रम में सहयोग किया।

# किशोरों से जुड़े मुद्दों पर खास ध्यान देने की जरूरत



**धौलपुर (सीमा सन्देश सं.)।** सरमथुरा में लुपिन फाउंडेशन द्वारा संचालित बहुउद्देश्यीय कौशल प्रशिक्षण केंद्र पर आज का दिन ओर दिनों से अलग था। देश मे भले ही संसद न चल रही हो पर आज यहाँ अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिका संसद का आयोजन किया गया। सब कुछ देश की संसद जैसा था, अध्यक्ष,प्रधानमंत्री से लेकर विपक्ष तक। सवाल से लेकर जबाब तक। शोर शराबे से लेकर मेज थपथपाने तक। हर वो रंग था जो आमतौर पर संसद में नजर आता है।

इसके आयोजन के पीछे के उद्देश्य को बताते हुए लुपिन के सुबोध गुप्ता ने बताया कि सर्वांगीण विकास शिक्षा का लक्ष्य है, जिसके लिये दायित्व बोध उत्पन्न करने के साथ उनमें लोकतंत्र के प्रति निष्ठा भावना का प्रसार करना आवश्यक है। यदि किशोर सामूहिकता के महत्व को समझ जायेंगे, तो जीवन भर उनमें अहं की जगह सामुदायिक सहभागिता की भावना जागृत होगी। कदम से कदम मिलाकर चलना सीखने के साथ उनकी अभिव्यक्ति मुखर होगी ।

इस संसद का आयोजन लुपिन के बहुउद्देश्यीय कौशल प्रशिक्षण केंद्र पर सीखने आने वाली सभी बालिकाओं ने मिलकर किया। बालिका संसद में स्वच्छता, स्वास्थ्य पर ध्यान, शिक्षा का महत्व , लड़का और लड़की में भेदभाव, स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं आदि से जुड़े सवाल विपक्ष की तरफ से किये गए और सरकार की तरफ से जबाब दिए गए। सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री, स्पीकर,ग्रहमंत्री , स्वास्थ्य मंत्री, विपक्ष का नेता चुना गया। प्रधानमंत्री के लिए चुनी गई कृष्णा शर्मा ने कहा कि हमने कभी संसद को चलते न देखा बस नाम ही सुनते आए पर आज जब खुद इसमे भाग लिया तो लोगो से जुड़े मुद्दों की जानकारी के साथ किये जा रहे कार्यो की जानकारी भी मिली। किसी पद की गरिमा, जिम्मेदारी क्या होती है इसका भी अहसास हुआ। बनी स्वास्थ्य मंत्री सौरभ कुमार ने कहा कि हमे किताबो के साथ साथ व्यवहारिक शिक्षा ओर स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने मन की बात बताते हुए कहा कि किशोरों से जुड़े हुए मुद्दों पर खुल कर खुले दिल से बात होनी चाहिए।

अध्यक्ष के रूप में भूमिका निभा रही कनक शर्मा ने बताया कि जीवन मे सभी को किताबी ज्ञान के साथ-साथ जिंदगी से जुड़े अन्य चीजों में भी हिस्सा लेने का मौका प्रदान करने के लिए हमने हमारी संसद में चर्चा की है। इस संसद का उद्देश्य बच्चों को पाठ्य पुस्तकों और कक्षा की पढ़ाई के साथ ही अन्य जानकारियां उपलब्ध कराना है। सभी को क्षमता दिखाने का मौका भी उपलब्ध करवाना है। आज की संसद में हमारे स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, आदि की आवश्यकताओ पर चर्चा प्रथमिकता रही। लुपिन की नीतू झा ने बताया कि सभी को संसद और उससे जुड़े कार्यो की जानकारी दी गयी थी तरह के आयोजन से जिम्मेदारी, नेतृत्व, सभी को साथ लेकर चलना, सुनने की क्षमता और आसपास होने वाली घटनाओं की जानकारी के बारे में समझ बढ़ती है।

# गायत्री विद्यापीठ शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में संस्कारों का कर रही है बीजारोपण

**नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं.)।** संस्कारों की जन्मभूमि गायत्री विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को गायत्री विद्यापीठ के तीन पूर्व छात्र सरकारी डॉक्टर बनने पर उनका सम्मान किया गया। अनुसूचित जाति क्षेत्र नवलगढ़ की पहली महिला डॉक्टर बनने का गौरव डॉक्टर मंजू सबलानिया ने प्राप्त किया।

वाइस प्रिंसिपल ज्योति दायमा ने बताया कि सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि नवलगढ़ नगरपालिका चेयरमैन शोयब खत्री थे। अध्यक्षता नगरपालिका उपाध्यक्ष कैलाश चोटिया ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी दीपचंद पवार, स्काउट मास्टर रामवतार सबलानिया, प्रमोद शर्मा, मुरलीमनोहर चौबदार व वाइस प्रिंसिपल ज्योति दायमा थे। कार्यक्रम में गायत्री विद्यापीठ की पूर्व छात्रा डॉ मंजू सबलानिया का साफा पहनाकर, प्रतीक चिन्ह देकर सांवरमल दायमा, राकेश कुमार दायमा, मुरारी लाल नायक ने सम्मान किया। कार्यक्रम प्रभारी रणवीर सिंह ने बताया कि गायत्री विद्यापीठ के पूर्व छात्र डॉक्टर मंजू सबलानिया, डॉ श्याम सबलानिया, डॉक्टर मनोज सबलानिया का विद्यालय के शिक्षक कैलाश सैनी, विजय कुमार दायमा, पंकज सैनी, सुनील सैनी, संगीता पायल, सपना सैनी ने साफा पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। मुख्य अतिथि चेयरमैन शोयब खत्री ने दलित समाज से निकली हुई प्रतिभाओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि गायत्री विद्यापीठ इस क्षेत्र में शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का बीजारोपण कर रही है।

पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी दीपचंद पवार ने कहा कि गायत्री विद्या पीठ से निकले हुए विद्यार्थी देश के कई संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे।

# शिक्षा को सरल, रुचिकर व उपयोगी बनाने के लिए ऑनलाइन सॉफ्टवेयर ऐप का हुआ शुभारंभ



**चाकसू (सीमा सन्देश सं.)।** धार्मिक नगरी गोनेर मे एक धर्मशाला में सोमवार को नवीन तकनीक को जोड़कर छात्र छात्राओं के लिए तकनीक का इस्तेमाल करके शिक्षण को सरल व रुचिकर व उपयोगी बनाने के लिए ऑनलाइन सॉफ्टवेयर का उद्घाटन किया गया । वही कार्यक्रम में मां सरस्वती की विधि विधान से पूजा अर्चना करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर सांसद रामचरण बौहरा रहे है ।

वही कार्यक्रम में उद्बोधन देते हुए बौहरा ने कहा कि कोरोनावायरस दुनिया को बर्बाद किया है । लेकिन डिजिटल और आईटी सेक्टर पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा है ।और 1 दिन भारत डिजिटल बन जायेगा क्योंकि कागजी काम कम होगा और डिजिटल काम ज्यादा होगा भारत के युवाओं और व्यापारियों की डिजिटल तकनीकी जागरूकता और कार्यकुशलता को बढ़ाने के लिए यह भी एक बहुत बड़ा कदम है । वही कार्यक्रम में अनिल शर्मा शिक्षा परिवार प्रदेशाध्यक्ष, मूर्ति मीणा राष्ट्रीय महिला संगठन मंत्री भाजपा, कोटखावदा प्रधान प्रह्लाद मीणा, चाकसू प्रधान उगन्ता चौधरी, चेतन जैन सदस्य नगर निगम ग्रेटर, उमा शर्मा जिला अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, ममता मीणा नगर पालिका पार्षद, जैकी टाटीवाल जिला परिषद सदस्य, मीना देवी पटवा सरपंच गोनेर, शंकर लाल जांगिड़ जिलाध्यक्ष भाजपा ओबीसी मोर्चा, संदीप जैन पंचायत समिति सदस्य माधोराजपुरा, राधेश्याम हरितवाल समाजसेवी, रामलाल मीणा प्रधानाचार्य चाकसू, कालूराम साहरण जिलाध्यक्ष स्कूल शिक्षा परिवार, शंभू मीणा पंचायत समिति सदस्य चाकसू, बाबूलाल ससावत सहित कई निजी स्कूलों के संचालक कार्यक्रम में मौजूद रहे थे । वही कार्यक्रम के आयोजक न्यू शार्क स्कूल के निदेशक सत्यनारायण शर्मा ने आए हुए अतिथियों का माला व साफा पहनाकर व महिलाओं को शोल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर राजस्थानी रीति-रिवाज के अनुसार स्वागत सत्कार किया गया है । वहीं निदेशक ने अंत में सभी अतिथियों को सहभोज करवा कर आभार जताया गया है । और मंच संचालक शंकरलाल रलावता व सत्यनारायण चांदा ने किया है ।

# जयप्रकाश नारायण की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**कोटा (सीमा सन्देश सं.)।** हाड़ोती नवनिर्माण परिषद के संभाग अध्यक्ष राकेश निर्मल सेन ने बताया कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर युवाओं ने विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसे संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता भाजयुमो नेता गिर्राज गौतम ने कहा कि जयप्रकाश नारायण हिंदुस्तान में युवा क्रांति के जनक थे। जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में देशभर के युवाओं ने अलोकतांत्रिक एवं भ्रष्टाचारी व तानाशाही सरकार के खिलाफ हुंकार भरी थी, जिससे तानाशाही इंदिरा गांधी का सिंहासन भी हिल गया था। जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में देश के लाखों लोगों ने अपने जीवन के महत्वपूर्ण समय को लोकतंत्र को बचाने एंव स्थापित करने के लिए जेलों में काट दिया, लेकिन तानाशाही सरकार के सामने नहीं झुके।

जिन लोगों ने लोकतंत्र को बचाने के लिए अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय कारावास में काट दिया उन लोगों के सम्मान में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा दिए जा रहे सम्मान को इस वर्तमान सरकार ने द्वेषता पूर्वक बंद करके उनका अपमान किया है। इससे यह बात साबित होती है कि कांग्रेस सदैव लोकतंत्र विरोधी रही है उनका लोकतंत्र में किसी प्रकार का विश्वास नहीं है इसीलिए अभी तक उनकी स्वयं की पार्टी में भी एक परिवार के अलावा दूसरा कोई अध्यक्ष नहीं बन पाया। जहां एक और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में परिवार व वंशवाद को समाप्त कर देश में लोकतंत्र की स्थापना की जा रही है, वही आज भी कांग्रेस पार्टी केवल गांधी परिवार के इर्द-गिर्द ही घूमती नजर आ रही है। गिर्राज गौतम ने कहा कि वह जल्द ही कोटा के युवाओं की ओर से राजस्थान के लोकतंत्र सेनानियों को सम्मान दिलाने के लिए प्रधानमंत्री जी को पत्र भी प्रेषित करेंगे, साथ ही विचार गोष्ठी में राजस्थान सरकार से लोकतंत्र सेनानियों को पूर्व की भांति सम्मान दिलाने के लिए संघर्ष करने का भी प्रस्ताव पास किया गया। विचार गोष्ठी को परिषद के जिला अध्यक्ष मयंक विजय, उपाध्यक्ष हरीश प्रजापत ,नरेश सोलंकी, बबलू गुर्जर , सतीश लक्षकार, अजय मेघवाल, शुभम सैनी, पवन आर्य,विष्णु कुशवाह, आदि ने भी संबोधित किया।

# अग्रवाल विकास परिषद द्वारा नवरात्रि पर डांडिया में जमकर थिरके लोग



**कोटा (सीमा सन्देश सं.)।** अग्रवाल विकास परिषद समिति द्वारा कुन्हाड़ी स्थित निजी मैरिज गार्डन में तीन दिवसीय डांडिया महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। इस आयोजन में शामिल सभी ने बढ़चढकर गरबा डांस में हिस्सा लिया। समिति के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष गौरव गोयल एवं राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास अग्रवाल ने बताया कि प्रथम दिन आयोजित डांडिया महोत्सव के मुख्य अतिथि डॉ. विकास खंडेलिया, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद मित्तल एवं अध्यक्षता राष्ट्रीय महामंत्री रोहित गर्ग ने की, जबकि अतिथि झालावाड़ अध्यक्ष संजय अग्रवाल रहे। संभागीय महिला अध्यक्ष मंजू मित्तल ने बताया कि दूसरे दिन आयोजित डांडिया के मुख्य अतिथि डॉ. अनुराधा अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. सतेन्द्र अग्रवाल व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद मित्तल, अध्यक्षता रोहित गर्ग रहे। संभागीय महिला महामंत्री सुनीता गोयल ने बताया कि तीसरे दिन के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनूप सिंघल कान्हा पैलेस रहे, अध्यक्षता प्रमोद मित्तल, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री रोहित गर्ग रहे। इन तीनों दिनों के कार्यक्रमों के दौरान कुल 45 पुरस्कार दिए गए। जिसमें बेस्ट डांडिया, बेस्ट डेज्स, बेस्ट कपल एवं बेस्ट किड्स में पुरस्कार वितरित किये गए। कार्यक्रम में संभागीय अध्यक्ष मनोज गर्ग, महामंत्री मोहित अग्रवाल, महिला संभागीय सांस्कृतिक मंत्री उमा सिंघल, अनु अग्रवाल, जिला अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, जिला महामंत्री शशांक मित्तल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष गणेश गुप्ता, विजय गुप्ता, उपाध्यक्ष गौरव गोयल, तुषार मित्तल, संगठन मंत्री अभिषेक अग्रवाल, महिला अध्यक्ष ईशा अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष रेखा केड़िया, महामंत्री बबिता अग्रवाल, सांस्कृतिक मंत्री वर्षा अग्रवाल, उपाध्यक्ष सीमा अग्रवाल, युवा अध्यक्ष कुणाल अग्रवाल, महामंत्री लोकेश गुप्ता, उपाध्यक्ष लक्की बंसल समेत अन्य समाजबंधु मौजूद रहे। कूपन वितरण की जिम्मेदारी अरविन्द अग्रवाल, वर्षा गुप्ता ने संभाली। अन्त में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# मां पन्नाधाय शाखा ने बालिकाओं को बांटे उपहार

**कोटा (सीमा सन्देश सं.)।** भारत विकास परिषद की मां पन्नाधाय शाखा द्वारा नवरात्र में नवाचार अध्यक्ष श्रद्धा गहलोत ने बताया कि शाखा द्वारा गोद ली गई बस्ती में 51 बालिकाओं का कन्या पूजन कर भोजन व उपहार स्वरूप टिफिन 20 बिस्किट नमकीन एवं दक्षिणा भेंट की गई इस कार्यक्रम में शाखा की शकुंतला महेश्वरी बीना अग्रवाल प्रीति विजय नम्रता शुक्ला चंचल राठौर श्वेता सिंह स्मिता ठक्कर का अतुलनीय योगदान रहा। कन्या पूजन के पश्चात बालिकाओं के लिए हिमोग्लोबिन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें लैब टेक्नीशियन गौरव जी द्वारा बच्चियों का हीमोग्लोबिन टेस्ट किया गया। संरक्षिका सुनीता गोयल जी द्वारा लैब टेक्नीशियन गौरव जी का आभार व्यक्त किया गया जिन्होंने निशुल्क सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम में शाखा के मनीष जी ठाकुर, गौरव जी शुक्ला अनंत जी गंगवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व आभार सचिव कविता शर्मा द्वारा किया गया।

# किसानों के सब्र की परीक्षा ना ले केंद्र सरकार : मनोज दुबे

◆ **किसानों को डीएपी एवम बिजली की पर्याप्त आपूर्ति हो**



**कोटा (सीमा सन्देश सं.)।** कोटा देहात जिला कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष मनोज दुबे ने किसानों को हो रही डीएपी एवम बिजली की परेशानियों के लिए केंद्र सरकार को जिमेदार ठहराते हुए कहा कि केंद्र सरकार किसानों के सब्र की परीक्षा ना ले।किसानों को डीएपी एवम बिजली की पर्याप्त आपूर्ति हो।

मनोज दुबे ने प्रधानमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा कि अतिवृष्टि से किसानों की फसलें बर्बाद हो गई है।अब सरसो,लहसुन,चना आदि फसलों की बुवाई का समय है।लेकिन किसानों को पर्याप्त मात्रा में ना तो डीएपी मिल रहा है।ओर ना ही बिजली ऐसे में किसान फसलों की बुवाई कैसे करे ? केंद्र सरकार पूरे देश मे कोयले की आपूर्ति करती है।लेकिन केंद्र सरकार के अकुशल प्रबंधन से पूरे देश मे कोयले की कमी होने से बिजली का संकट पैदा हो गया है।वही डीएपी का राज्यो को आवंटन भी केंद्र सरकार के द्वारा किया जाता है।कई बार राज्य सरकार के द्वारा केंद्र सरकार से मांग करने के बावजूद किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी नही मिल रहा है।

मनोज दुबे ने कहा कि हर वर्ष किसानों को डीएपी की किल्लत से जूझना पड़ता है। लेकिन समय रहते केंद्र सरकार पर्याप्त मात्रा में डीएपी की आपूर्ति क्यो नही करती।कोटा में खाद उत्पादक बड़े कारखाने होने के बावजूद हाड़ौती का किसान डीएपी के लिए दर दर की ठोकरे खाने को मजबूर हो तो ये बेहद शर्मनाक एवम दुर्भाग्यपूर्ण है। मनोज दुबे ने कहा कि डीजल के दामों में भारी वृद्धि ने सबसे ज्यादा देश के किसान को परेशानी में डाला है।किसानों का खेती का खर्च बढ़ता जा रहा है।

किसानों की आमदनी घटती जा रही है।क्या ऐसे ही किसानों की आय दोगुनी होगी ? मनोज दुबे ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है।यहाँ सरकार को किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करना चाहिए।लेकिन यहाँ सरकार खुद ही किसानों की समस्या का कारण बन रही है।आखिर किसान जाए तो जाए कहाँ। मनोज दुबे ने किसानों की परेशानियों पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए कहा कि ये किसानों की जायज समस्या है।जिसका समाधान अविलम्ब होना चाहिए।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसानों की समस्याओं का समाधान शीघ्र ही नही हुआ तो कोटा देहात कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ता सभी ब्लॉकों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जला कर विरोध प्रदर्शन करेंगे।वही गड़ेपान स्थित सीएफसीएल फैक्ट्री के गेट के बाहर भी प्रदर्शन किया जाएगा।अन्नदाता को किसी भी स्थिति में परेशान नही होने दिया जाएगा।

# कैंसर उपचार में शुरू से ही जोड़ा जाए पैलिएटिव केयरः डॉ स्वर्णकार

## महात्मा गांधी अस्पताल में विश्व पेलिएटिव केयर-डे मनाया





**जयपुर (कासं.)।** राजधानी के महात्मा गांधी अस्पताल में विस्व होस्पिक एण्ड पेलिएटिव केयर-डे के अवसर पर सोमवार को आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए महात्मा गांधी मेडिकल यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन डॉ विकास स्वर्णकार ने कहा कि पैलिएटिव केयर विशेषज्ञों का काम रोगी के दर्द को कम करना है। साथ ही रोगी तथा परिजनों को काउंसिलिंग के जरिये उपचार को जारी रखने के लिए इन्हीं के द्वारा प्रेरित किया जाता है, जिससे उपचार को सफलता का अंजाम दिया जा सके। उन्होंने कहा कि हाल ही में महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज को पैलिएटिव केयर विभाग के लिए तीन स्नातकोत्तर सीट्स की स्वीकृति मिली है। श्रीराम कैंसर सेंटर के निदेशक व विख्यात कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमन्त मल्होत्रा ने कहा कि किसी भी डॉक्टर की पहली प्राथमिकता रोगी को दर्द से मुक्ति दिलाने की होनी चाहिए। कैंसर उपचार एक टीम वर्क के रूप में किया जाना चाहिए। इसमें मेडिकल, रेडियेशन तथा सर्जन के साथ साथ कैंसर रोग की पहचान होने के समय से ही रोगी के उपचार में पैलिएटिव केयर विशेषज्ञ को भी जोड़ा जाना चाहिए।

डॉ. ललित मोहन शर्मा ने डॉक्टर्स के पैनल डिस्कशन के जरिये जानकारी दी कि पैलिएटिव केयर में डॉक्टर्स ही नहीं अपितु ट्रेंड नर्सिंग एवं सपोर्ट स्टाफ की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। डॉ. अजय यादव ने कहा कि सन 2025 में कैंसर रोगियों की संख्या अनुमानित तौर पर दोगुना हो जायेगी। रोगियों के दर्द-प्रबंधन के लिए पैलिएटिव केयर के प्रति जागरूकता बढानी होगी।

**अभिनय** रंग चैबारा में देश के प्रसिद्ध साहित्यकारों की कहानियों का मंचन किया जाएगा

# रंग चैबारा में मुंशी प्रेमचन्द की कहानी पंच परमेश्वर का सशक्त मंचन



**जयपुर (कासं.)।** त्रिमूर्ति के रंग चैबारा में मंशी प्रेमचन्द की प्रसिद्ध कहानी पंच परमेश्वर में तत्कालीन समाज में व्याप्त बुराइयों, विसंगतियों को सामने लाने और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने की दिशा में कलाकारों ने अपने अभिनय से एक बार फिर पात्रों को चरितार्थ किया।

त्रिमूर्ति के शांतनु भसीन ने बताया कि रंग चैबारा में देश के प्रसिद्ध साहित्यकारों की कहानियों का मंचन किया जाएगा जिससे आने वाली पीढ़ी को हमारे अमूल्य साहित्य की धरोहर की जानकारी प्राप्त हो सके। पारंपरिक किस्सागोई शैली में इस कहानी को बहुत ही सहज ढंग से ईश्वर दत्त माथुर ने सुनाया। कहानी के बीच बीच में पात्रों को सजीव रूप में खड़ा कर उनका नाट्य रूप मंचित किया गया। कहानी प्रारंभ होने से पहले घर परिवार की आधुनिक समस्या मोबाइल पर प्रहार करते हुए घर के बच्चों को मोबाइल छोड़कर साहित्य पढ़ने की प्रेरणा देने से कहानी की शुरूआत की गई। बच्चों को समझाया गया कि हमारे देश में प्राचीन काल से ही चैपाल परंपरा का मजबूत आधार रहा है और वही गांव की समस्याओं का निदान पंचो द्वारा किया जाता रहा है। पंच परमेश्वर नाटक का निर्देषन गुरमिन्दर सिंह पुरी रोमी ने किया। पंच परमेश्वर में जुम्मन शेख की भूमिका में नीरज गोस्वामी, खाला की भूमिका में श्रीमती भगवंत कौर, संजू साहू की भूमिका में राजेंद्र शर्मा राजू, फल्गु चैधरी की भूमिका में मोइनुद्दीन खान पंचायत में राकेश माथुर, प्रशांत यादव और कहानी के प्रमुख सूत्रधार के रूप में ईश्वर दत्त माथुर ने अपनी सशक्त भूमिका निर्वाह की। कहानी सुनने वाले बच्चों में निशांत यादव के अलावा टाबर संस्था के बच्चे भी थे। प्रारंभ में सूचना आयुक्त और वरिष्ठ पत्रकार रहे श्री नारायण बारेठ ने मुंशी प्रेमचंद के साहित्य और उनकी आज के संदर्भ में प्रासंगिकता पर विस्तार से बताया कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार श्री हेतु भारद्वाज आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष रहे राजीव अरोड़ा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित थे।

# दलित युवक हत्या मामले के तथ्यों की जांच करने भाजपा का प्रतिनिधिमंडल जायेगा हनुमानगढ़ के प्रेमपुरा

**जयपुर (कांस)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां के निदेशानुसार हनुमानगढ़ जिले के प्रेमपुरा (पीलीबंगा) में दलित युवक की जघन्य हत्या के तथ्यों की जांच के लिये भाजपा के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का गठन किया गया है। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महामंत्री व विधायक मदन दिलावर, विधायक अभिनेष महर्षि व विधायक सुमित गोदारा प्रेमपुरा पहुंचकर सम्पूर्ण तथ्यों की निष्पक्ष जांच कर प्रदेश नेतृत्व को रिपोर्ट सौंपेंगे।

## गैंगरेप की घटना के खिलाफ कुचामन वासियों में फूटा आक्रोश

# पीड़िता को न्याय दिलाने को लेकर निकाला पैदल मार्च, कुचामन दिनभर शांतिपूर्ण रहा बंद

### दोषियों पर सख्त कार्रवाई और जल्द चार्जशीट पेश करने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कुचामन सिटी (सीमा सन्देश संवाददाता)।** प्रदेश में जिस तरह पिछले दो-तीन वर्षों में कुचामन सिटी की बदमानी हुई है उससे हर कोई अनजान नही है। स्थानीय प्रशासन व सरकार के जनप्रतिनिधियों की लापरवाही व उदासीनता के चलते कुचामन क्षेत्र हर बार शर्मसार हुआ है। पिछले तीन वर्षों में कुचामन व नावाँ क्षेत्र में जिस तरह से अपराधियों को शरण मिली है उसके चलते अपराधी बेखौफ होकर बड़े बड़े कांड कर रहे है ।ऐसा ही मामला कुचामन से है जो पिछले एक हफ्ते से प्रशासन व सरकार के जनप्रतिनिधियों से असंतुष्ट होकर शहरवासी रविवार को सड़कों पर उतर गए और दिनभर कुचामन शहर को विरोध स्वरूप पूर्णतया बंद करवाया ।जानकारी के अनुसार नागौर जिले के कुचामन शहर में 6 दिन पहले दो युवकों द्वारा गैंगरेप के बाद अनुसूचित जाति की लड़की को सड़क पर फेंकने की घटना के बाद सोमवार सुबह कुचामन शहरवासियों सहित आस-पास क्षेत्र के लोगों ने एकत्रित होकर आक्रोश जताया। इस दौरान सभी ने शांतिपूर्ण मार्च निकालते हुए पुलिस के उच्च अधिकारियों व कुचामन एसडीएम की मौजूदगी में जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पीड़िता को जल्द न्याय दिलाने के लिए कोर्ट में जल्द चार्जशीट पेश करने सीआई सहित उसके पुलिस सहयोगियों पर कार्यवाही करने और आरोपी द्वारा अपनी पहचान छुपाकर आईडी बनाने के संबंध में विशेष इंक्वायरी की मांग की गई।


बंद रहे बाजार, हजारों लोग हुए जमा

गैंगरेप की घटना के खिलाफ सोमवार को बुलाये गए बंद के आह्वान से सुबह से ही लोगों की भीड़ जमा होनी शुरू हो गई। थोड़ी ही देर में हजारों लोग जमा हो गए। इसके साथ ही बाजार भी बंद हो रहे। लोगों की आंखों में घटना को लेकर आक्रोश साफ झलक रहा था। इसके बाद सभी लोगों ने मार्च निकाल कर हजारों लोगों की मौजूदगी में सर्व हिंदू समाज की तरफ से पुलिस उच्च अधिकारियों व कुचामन एसडीएम की मौजूदगी में जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर नावाँ के पूर्व विधायक विजयसिंह चौधरी भी उपस्थित रहे तथा प्रशासन की घटिया कार्यशैली पर सवाल उठाए। और कहा कि नावाँ विधानसभा क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की कोई चीज नही है। अपराधी जब चाहे खुलेआम अपराधों को अंजाम दे रहे है। एक दलित की बेटी के साथ जो अत्याचार हुआ है इससे सम्पूर्ण राजस्थान में कुचामन की साख खराब हुई है जिसके जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन व सरकार के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि है ।बंद में समस्त निजी शिक्षण संस्थान, कोचिंग सेंटर, व्यापारिक प्रतिष्ठान, छोटे दुकानदार, ठेले वाले,समस्त सामाजिक संगठनों ने सहयोग दिया ।इस मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात रहा ।शहर का मुख्य बस स्टैंड, गोल प्याऊ, पुरानी धानमंडी, नया शहर, सीकर रोड़, स्टेशन रोड़, डीडवाना रोड़ पर स्थित समस्त प्रतिष्ठान बंद रहे।

### जल्द चार्जशीट पेश करने और सख्त कार्रवाई की मांग

इस दौरान नावाँ के पूर्व विधायक विजयसिंह चौधरी के साथ ही सर्वसमाज के लोगों द्वारा ज्ञापन में पीड़िता को जल्द न्याय दिलाने के लिए कोर्ट में जल्द चार्जशीट पेश करने,सीआई सहित उसके पुलिस सहयोगियों पर कार्रवाई करने और आरोपी द्वारा अपनी पहचान छुपाकर आईडी बनाने के संबंध में विशेष इंक्वायरी की मांग की गई।

### पीड़िता को न्याय दिलाने निकाला पैदल मार्च

एसपी अभिजीत सिंह ने बताया कि मामले में संलिप्तता सामने आने पर पहले ही सीआई रामवीर सिंह जाखड़ व हेड कॉन्स्टेबल सोहनलाल को सस्पेंड कर दिया है। अगर जांच में और भी किसी की भूमिका आती है तो करावी की जायेगी।

इसके अलावा मामले में जल्द ही जांच पूरी कर चार्जशीट पेश की जायेगी। मुख्य आरोपी इकबाल उर्फ भाणु की अन्य मामलों को लेकर भी पूरी जांच की जायेगी।

### यह था मामला

बुधवार देर रात पीड़िता की मां ने कुचामन थाने में रिपोर्ट देकर बताया था कि उसकी 17 साल की नाबालिग बेटी सुबह 10 बजे कुचामन गई हुई थी। वहां उसे दो युवकों ने जबरदस्ती अपनी कार में बैठा लिया। इसके बाद उसे कोई नशीली चीज खिलाकर बेहोश कर कार में पीछे वाली सीट पर पटक दिया। दोनों आरोपियों ने उससे सामूहिक दुष्कर्म किया। फिर देर शाम 5 बजे उसे कुचामन स्थित रेनबो होटल के बाहर सड़क पर लहूलुहान हालत में पटक कर भाग गए थे। इसके बाद देर शाम किसी अज्ञात नंबर से पीड़िता के भाई को फोन आया। उसे पुलिस में रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। फोन करने वाले ने कहा कि उसकी बहन के कई अश्लील फोटो-वीडियो हैं। शिकायत की गई तो सभी जगह सोशल मीडिया पर पोस्ट कर देगा। इसके बाद शुक्रवार को पुलिस ने गैंगरेप मामले के दोनों आरोपियों अशराज पुत्र मोहम्मद सादिक मिरासी (24) निवासी कुचामन व इकबाल पुत्र रमजान भाटी (35) निवासी कोलिया को गिरफ्तार कर लिया था। जिन्हें शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।आपको बता दे पिछले काफी समय से कुचामन शहर में स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से स्पा, कैफे, बार अनैतिक गतिविधियों को काफी बढ़ावा मिला है जिसके चलते शिक्षा नगरी की साख खराब हुई है। वही दूसरी और लगता है की सरकार के चुने हुए जनप्रतिनिधियों को भी ये शायद काफी रास आ रहा होगा तभी तो स्थानीय प्रशासन ऐसे अनैतिक कार्यो को हरीझंडी दे रहा है।

### ये रहे मौजूद

नावाँ के पूर्व विधायक विजयसिंह चौधरी, शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष मूलचंद बागड़ा, संस्करण जागरण समिति के मोहनलाल सोनी, हिन्दू युवा वाहिनी के योगेश शर्मा, मदनलाल कुलडिया ,पूर्व पार्षद बरखा रानी, पल्वी राय, दिनेश स्वामी, डॉक्टर रजनी गावड़िया, गोविन्द मेघवाल, विक्रम जोया सहित सैकड़ो गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत में कर्मचारियों के नहीं होने से ग्रामीण परेशान

**गोटन (सीमा सन्देश सं.)।** ग्राम पंचायत कड़वासरो की ढाणी की ग्राम पंचायत में कर्मचारियों के समय पर उपस्थित नही होने की वजह से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण रामचंद्र कड़वासरा ने बताया कि पिछले पांच दिन से पंचायत के चक्कर काट रहा है लेकिन कर्मचारी उपस्थित नही होने की वजह से में परेशान हु ओर मेरा कार्य नही हो रहा है।एक तरफ सरकार ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढाने की बात कहकर ग्रामीण ओलम्पिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करवाने की बात कर रही है तो दूसरी तरफ पंचायत के ताला लगा होने से फॉर्म को लेकर खेलप्रेमी ओर खिलाड़ी चिंतित है। सरकार का आदेश है कि ग्राम पंचायत में ग्रामसेवक के पास फॉर्म उपलब्ध हैं उनसे लेकर फॉर्म भरकर जमा करवाना है लेकिन खिलाड़ी परेशान है कि फॉर्म को कहा से ले और कहा जमा करें। खिलाड़ी अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। जब संवाददाता दिनेश कड़वासरा ने सरपंच से दूरभाष पर बात की तो सरपंच प्रतिनिधि ने कहा कि कर्मचारी काफी समय से पंचायत में इसी प्रकार से आ रहे हैं जिससे ग्रामीणों का कार्य नही हो पा रहा है। सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कि ग्रामसेवक के दो-तीन पंचायतों का कार्य होने से समय पर उपस्थित नही हो पा रहे हैं।



## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित

### बेटियां बेटों से कम नहीं: रेणु

**मारोठ (सीमा सन्देश सं.)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम काटिया में आंगनबाड़ी केंद्रों पर बालिका दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। महिला पर्यवेक्षक रेणु जाखोटिया ने बताया कि 11 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है जिसको लेकर देवली सेक्टर के ग्राम काटिया में आंगनवाड़ी केंद्र पर जो बालिका 11 अक्टूबर के दिन तक 1 वर्ष की हो गई उसका धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया तथा केंद्र की अन्य बालिकाओं को उपहार स्वरूप टॉफियां व बिस्किट वितरित किए गए साथ ही प्रत्येक बालिका का तिलक लगाकर स्वागत किया व बालिकाओं के अभिभावकों को जानकारी दी गई कि आज सब शपथ लें की बेटियों को शिक्षा के साथ शस्त्र भी सिखाएं, बेटियां बोझ नहीं होती, बेटियां बेटों से कम नहीं उन्हें पढ़ा लिखा कर अपने पैरों पर खड़ा होने की प्रेरणा दें ।



## नवसृजित न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश का लोकार्पण

**कुचामन सिटी (सीमा सन्देश संवाददाता)।** नावाँ विधायक व उपमुख्य सचेतक राजस्थान सरकार ने सोमवार को नावां विधानसभा क्षेत्र के कुचामन सिटी में नवसृजित न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश का लोकार्पण किया तथा नावां विधानसभा क्षेत्र में पशु पालको को दी गई विभिन्न सौगातों के लिए कुचामन सिटी में आयोजित अभिनंदन समारोह में भाग लेकर, माँ शाकम्भरी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की व प्रदेश की खुशहाली के लिए कामना की ।



## छात्र छात्राओं के साथ मनाया बेटे का जन्म दिवस

**सुरेरा (सीमा सन्देश सं.)।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय राजनपुरा (मेई) सोमवार को विद्यालय में छात्र छात्राओं को डॉ. मुकेश कुमार मीणा अपने पुत्र के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर विद्यालय के छात्र छात्राओं को स्कूल, बैग, कापियां कार्यालय उपयोग हेतु संस्था प्रधान के लिए कुर्सी व टेबल भेंट की। इस अवसर पर डॉक्टर ने कहा कि आगे भी नवीन प्रवेश बालक बालिकाओं को शिक्षा सामग्री दी जाएगी । उन्होंने आवाहन किया की,सभी ग्रामवासी अपने बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन करवाएं क्योंकि मेरी भी प्राथमिक शिक्षा इसी विद्यालय में हुई हुई थी ।इस अवसर पर संस्थाप्रधान रामचंद्र जांगिड़, गोविंदराम बलाई, गोविंद राम मीणा, शंकरलाल, जगदीश बुरडक, हुकमाराम, जगदीश मीणा, कन्हैया लाल मीणा, कमल जांगिड़, तुलसाराम रेगर व डॉक्टर की माता व बच्चे सहित ग्रामवासी उपस्थित थे ।



## माता-पिता की याद में गायों के लिए बनवाया 100 पट्टी का हॉल



**डेगाना (सीमा सन्देश सं.)।** नगरपालिका क्षेत्र के झगड़वास मे सोमवार को श्रवण राम अणकियां ने अपने माता-पिता केशुदेवी व मंगलाराम की याद मे झगड़वास स्थित अजमाराम जी गौशाला मे 100 पट्टी हॉल का निर्माण करवाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डेगाना चेयरमैन मदनलाल अटवाल ने सोमवार को इस हॉल का फीता काट कर उद्घाटन किया। अटवाल ने कहा की गौ सेवा के लिये हमसे जितना सहयोग हो सके हमे करना चाहिए ओर गायो की निस्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए। श्रवण अणकियां जेसे बेटे ने आज अपने माता पिता का नाम अमर करते हुए गौशाला मे गायो के लिये एक यादगार उपहार भेट किया। इस हॉल के निर्माण से अब गोशाला की गायो को सर्दी,गर्मी व बारिस से बचने मे सहायता मिलेगी ओर गाय माता अपना भोजन इस हॉल के निचे आराम से खड़ी होके कर सकेगी। इस अवसर पर डेगाना शहर अध्यक्ष गिरधारी मुंडेल भी मौजुद रहे। मुंडेल ने कहा की गौशाला के विकास मे कोई कसर नही छोडी जायेगी ओर आने वाले दिनो मे इस गौशाला मे गौ माता के लिये सभी प्रकार की सुविधाएँ उपलब्ध करवायी जायेगी।

# छह दिवसीय यात्रा कर लौटने पर किया भव्य स्वागत

### जीव दया पालक समिति के 2022 में 100 वर्ष पूर्ण होने पर होगा भव्य आयोजन



**मारोठ (सीमा सन्देश सं.)।** कस्बे से जबलपुर कुंडलपुर महरौली बहादुर हाथोंन सहित 10 तीर्थ क्षेत्र की यात्रा कर लौटने पर नावा की विभिन्न संगठनों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मारोठ जीव दया पालक समिति ट्रस्ट के सचिव व नावा प्रेस क्लब प्रथम के अध्यक्ष हितेश रारा द्वारा अपने परिवार व इष्ट मित्रों के साथ छह दिवसीय तीर्थ यात्रा कर वापस मारोठ आगमन पर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

हितेश रारा ने बताया कि छोटे बाबा के नाम से प्रसिद्ध चर्चित आचार्य भगवन विद्यासागर महाराज का आशीर्वाद लेकर व मारोठ जीव दया पालक समिति ट्रस्ट के 100 वर्ष पूर्ण होने को लेकर आयोजित कार्यक्रम पर विशेष चर्चा की गई चर्चा के दौरान आचार्य भगवन विद्यासागर महाराज ने संस्था की खूब प्रशंसा की और इस संस्था में सहयोग व कार्य करने वालों के लिए आशीर्वाद दिया व 100 वर्ष पूर्ण होने पर देश को संदेश देने वाला कार्यक्रम आयोजित करने का आशीर्वाद दिया। यात्रा के दौरान दूसरे दिन बड़े बाबा के नाम से मशहूर कुंडलपुर तीर्थ यात्रा की व तीसरे दिन गुरु मां विज्ञान मति माताजी की शिष्या संभव मति माताजी के समाधि महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की व गुरु मां विज्ञान मति माता जी का आशीर्वाद लिया गुरु मां विज्ञान मति माताजी ने जीव दया पालक समिति ट्रस्ट बकरशाला मारोठ के लिए कहा कि यह संस्था जैन धर्म की पहचान को साबित करता है यह संस्था भगवान महावीर के संदेश जियो और जीने दो पर खरी उतर रही है। यात्रा के दौरान कई तीर्थ क्षेत्रों का भ्रमण व दर्शन कर लुफ्त उठाया।

यात्रा के दौरान ताराचंद रारा, हितेश रारा, चांदनी रारा, पार्थ रारा ,निही रारा, नरेंद्र सेठी कुकनवाली, पूनम चौधरी, मेनका चौधरी साथ में रहे। स्वागत के दौरान फ्रेंड्स क्लब अध्यक्ष मनोज गंगवाल, स्टूडेंट क्लब संरक्षक मोतीराम मारवाल ,तुलसी राम कुमावत ,नावा प्रेस क्लब प्रथम मुकेश मिश्रा सहित विभिन्न संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## खाचरियावास इलाके में चोरों का आतंक, डाकघर से चुराया सामान

**दांतारामगढ़ (सीमा सन्देश सं.)।** खाचरियावास इलाके में चोरों का आतंक चरम पर है। विगत एक हफ़्ते में छठीं वारदात को अंजाम देते हुए चोरों ने रविवार रात को डाकघर को निशाना बनाया। लोहे के सरिये से मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर चोर अंदर का लकड़ी का दरवाजा तोड़ते हुए डाकघर में दाखिल हुए। को चोरों ने डाकघर से सीटी मशीन, सीपीयू, एलईडी व मॉडम सहित काफी सामान चुरा लिया।

## ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूलों का निरीक्षण

**डेगाना (सीमा सन्देश सं.)।** डेगाना तहसील ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संगीता मानवी सोमवार को डेगाना विधानसभा क्षेत्र की स्कूलो के दौरे पर रही। इस दौरान मानवी ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुन्दीसर व राजकीय माध्यमिक विद्यालय लंगोड़ का ओचक निरिक्षण किया। निरिक्षण के दौरान स्कूलो मे चल रहे मिड ड़े मील ओर कोम्बो चेक्ट योजना का निरिक्षण किया। ओर बच्चो के कक्षा कक्ष मे जाकर बच्चो से बातचीत कर स्कूल मे दी जा रही शिक्षा के बारे मे जानकारी प्राप्त की। इस दौरान अधिकारी ने स्कूल प्रांगण की साफ सफाई के साथ शाला का रिकोर्ड व नामांकन का निरिक्षण किया। मानवी ने इस अवसर पर स्थानीय भामाशाहो के सहयोग से स्कूल के विकास के बारे मे कहा। ओर स्कूल मे आने वाले सभी बच्चो को कोरोना गाइडलाइन की पालना करवाने की बात कही।

## भजन संध्या से पूर्व शहर में निकाली संतो की शोभायात्रा

**डेगाना (सीमा सन्देश सं.)।** डेगाना के ग्राम झगडवास मे सोमवार की रात्री को गौमाता के नाम से होने वाल विशाल भजन संध्या मे भाग लेने आये संत कृपाराम जी महाराज ओर राजाराम जी महाराज की शौभायात्रा निकाली।

यात्रा नागौर रेलवे फाटक से होते हुये सदर बाजार से लेकर अस्पताल चौराहा से होकर चांदारूण फाटक से कार्यक्रम स्थल अजमाराम जी महाराज गौशाला तक निकाली गई।

जिसमे सेंकडों की तादाद मे युवकों ओर ग्रामीणों ने गौमाता के जयकारे के साथ भाग लिया।

रात्री मे प्रसिद्ध भजन गायक औम मुण्डेल की पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुती दी गई।

### शहीद बी आर के राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय में शिक्षकों के रिक्त पदों को लेकर छात्रों व ग्रामीणों में फूटा गुस्सा

# शिक्षकों की कमी से परेशान विद्यार्थियों ने की तालाबंदी

**गोटन (सीमा सन्देश सं.)।** ग्राम पंचायत कड़वासरो की ढाणी की शहीद भागीरथ कड़वासरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पिछले लंबे समय से प्रधानाध्यापक सहित संस्कृत, अंग्रेजी व भूगोल के पद रिक्त होने से ग्रामीणों व छात्रों का सोमवार को गुस्सा फुटकर बाहर आया और स्कूल के ताला झड़ दिया।




ग्रामीणों ने बताया कि इसी स्कूल से दो साल पहले प्रिंसिपल बनवारीलाल जाट के समय नागौर जिले में मैरिट में स्थान बनाया आज इसी स्कूल में अध्यापकों की कमी की वजह से ताला लगाना पड़ा और विरोध करना पड़ रहा है जो कि शर्मनाक है। संवाददाता दिनेश कड़वासरा जब मौके पर पहुंचे तो एक अध्यापिका संतोष रावल 8:40बजे स्कूल आने पर देरी से आने का कारण पूछा तो मैडम ने कहा कि में छेपिया नाडा पर कबूतरों को दाना देने गई हुई थी तो देर हो गई जबकि स्कूल का समय 7:30बजे का है ।साथ ही मैडम के संतोषजनक जवाब नहीं देकर यह बोला कि यह मेरा निजी मामला है इसप्रकार का जवाब देकर इतिश्री कर ली। एक दो अध्यापक तो आये ही नही उनको पता चल गया तो उन्होंने मेडिकल का बहना बनाकर छुट्टी ले ली। सरपंच सुखिदेवी भी मौके पर पहुंचकर छात्रों व ग्रामीणों की मांग को सुनकर उच्च अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मेड़ता के गोविंद राम बेड़ा को बताया तो ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर देर से आने वाले अध्यापकों को फटकार लगाई साथ ही लिखित में ग्रामीणों व छात्रों को लेटर देकर पांच दिन में रिक्त पदों की पूर्ति करने का आश्वासन देने पर स्कूल का ताला खोला गया। एकबार तो छात्राएं गेट को पकड़कर खड़ी हो गई कि गेट नही खोलने देंगे फिर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी व ग्रामीणों की समझाइश के बाद ताला खोलने दिया गया। साथ ही एक और मामला जब ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने रजिस्टर देखा तो सामने आया कि संविदा पर लगे पंचायत सहायक कर्मचारी भी लम्बे समय से विद्यालय ओर पंचायत से नदारद है लेकिन उनकी उपस्थिति रजिस्टर में दर्ज की हुई मिली। सरपंच सुखिदेवी ने बताया कि एक साल के कार्यकाल में पंचायत सहायक कर्मचारियों को कभी नही देखा और न ही एक साल में कभी वेतन लेने आये। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने सरपंच को निर्देश दिए कि आप उनको भी समय पर विधालय आने के लिए पाबंद करे। इस मौके पर सरपंच सुखीदेवी, रामनिवास कड़वासरा, परसाराम, देवाराम, भंवरलाल, रामलाल, वार्ड पंच रामचंद्र कड़वासरा, राजाराम कड़वासरा, शिवजीराम बेड़ा, श्रवण चौकीदार, विजयसिंह सांगवा,सुखराम कड़वासरा, नरेंद्र, प्रेमाराम सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पालिका केकड़ी (जिला-अजमेर)

Email: ID-npkeri2011@gmail.com (o) 1467-220002, 220019 web site: www.urban.rajasthan.gov.in/ulbkekri

क्रमांक : न.पा.के./नामान्तरण/2021-22/ 3618 — दिनांक : 8.10.2021

**-: आपत्ति आमन्त्रण सूचना:-**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र में निम्न आवेदक द्वारा अपने क्रयशुदा भूखण्ड/जायदाद को नगर पालिका रिकार्ड में नाम हस्तान्तरण हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है। जिसमें किसी भी व्यक्ति/सज्जन/पड़ोसी को कोई आपत्ति हो, तो कार्यालय में 7 दिवस में लिखित में मय दस्तावेजो के प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद आवेदक को नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिसमें किसी का कोई उजर मान्य नहीं होगा :-

| क्र.सं. | आवेदनकर्ता | विक्रेता का नाम | दिशायें | सम्पत्ति का प्रकार | क्षेत्रफल वर्गगज में | हस्तान्तरण का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मनीष कुमार, अजीत कुमार पुत्र ज्ञानचंद बोरदिया नि. केकडी | आनन्द शारदा पुत्र दामोदर लाल शारदा नि. केकड़ी | पूर्व-मकान छगनलाल धौकडीवाल पश्चिम- खुला प्लेट फार्म उत्तर- दुकान जयकुमार जैन दक्षिण- मकान छगनलाल | एक पुख्ता पट्टी पोश जायदाद सदर बाजार केकडी | 188.87 | विक्रय पत्र |
| 2 | मनीष कुमार, अजीत कुमार पुत्र ज्ञानचंद बोरदिया नि. केकडी | आनन्द शारदा पुत्र दामोदर लाल शारदा नि. केकड़ी | पूर्व-जायदाद आनंद शारदा की जो लेखग्रहिता को विक्रय की गयी पश्चिम- जायदाद अन्य व्यक्ति की उत्तर- आम रास्ता सीमेन्ट सड़क दक्षिण- जायदाद दामोदरलाल शारदा | एक पुख्ता पट्टी पोश जायदाद सदर बाजार केकडी | 34.12 | विक्रय पत्र |
| 3 | मनीष कुमार, अजीत कुमार पुत्र ज्ञानचंद बोरदिया नि. केकडी | आनन्द शारदा पुत्र दामोदर लाल शारदा नि. केकड़ी | पूर्व-जायदाद आनंद शारदा की जो लेखग्रहिता को विक्रय की गयी पश्चिम- जायदाद कल्याणमल हरकचंद मेडतवाल की उत्तर- आनंद शारदा की दुकान जो लेखग्रहिता को विक्रय की गयी है। दक्षिण- मकान छगनलाल प्यारचंद जी ताथेड का | एक पुख्ता पट्टी पोश जायदाद सदर बाजार केकडी | 145.83 | विक्रय पत्र |
| 4 | शीतल लोढा पुत्र, धनराज लोढ़ा नि. केकडी | हीराचन्द लोढा पुत्र टोडरमल लोढा नि. केकड़ी | पूर्व-सीमेन्ट सडक पश्चिम- मकान गोविन्द सिंह सिंधी उत्तर- दुकान मिठालाल श्रीनिवास तोषनीवाल दक्षिण- दुकान श्रीलाल नारायण मूंदडा | दुकान वाके सदर बाजार केकडी | 43.75 | विक्रय पत्र |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका केकड़ी



## समीपवर्ती गांव बोरेड़ी के आम रास्ते पर दलदल

◆ ग्रामीणों को आवागमन में हो रही है परेशानी

**बारां (सीमा सन्देश सं.)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती गांव बोरेडी का आम रास्ता कीचड़ से लथपथ होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्राम वासियों ने बताया कि रास्ते को दुरुस्त कराने हेतु जिला कलेक्टर एवं जिला परिषद के सीईओ को नरेगा के अंतर्गत प्रस्ताव बनाकर भेजा था किंतु उसे निरस्त कर दिया गया है जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्राम वासियों ने आक्रोशित होते हुए बताया कि जिला कलेक्टर और जिला परिषद के सीईओ एयर कंडीशन कमरों में बैठकर ठंडी हवा खाते रहते हैं और केवल मात्र कागजों में ऐसे रास्तों को बनाने का दावा ठोकते हैं परंतु यदि धरातल पर उतर कर देखा जाए तब उन्हें वास्तविकता का पता चलेगो सरपंच तथा ग्रामीण एवं आमजन रास्ते को दुरुस्त बनाने के लिए कई बार प्रशासन से कह चुके हैं। परंतु आज तक भी इसका हल नहीं निकाला गया है।



## भाजपा किसान मोर्चा नगर मंडल मांगरोल ने ज्ञापन दिया

**बारां (सीमा सन्देश सं.)।** भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं अग्रिम संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को उपखंड अधिकारी कार्यालय मांगरोल में पहुंचकर किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष दशरथ सिंह राजावत एवं देहात मोर्चा अध्यक्ष अखराज नागर के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम बिजली की अघोषित कटौती बढ़ती बिजली दरों एवं खाद की किल्लत व खाद के दामों में अनावश्यक वृद्धि के विरोध में ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष पीयूष विजय, पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण पारेता, पूर्व चैयरमेन अमित चौपडा, महामंत्री संजय गालव, अशोक चौरसिया, गिरेन्द्र सोनी, योगेश गौतम, अब्दुल रजाक, अखराज नागर, प्रहलाद सिंह, खेमराज रेगर, देवेंद्र सुमन, शम्भू महाराज, कोमल मीणा समेत बड़ी संख्या में किसान व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## भाजपा अटरू किसान मोर्चा ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया

**बारां (सीमा सन्देश सं.)।** भाजपा किसान मोर्चा अटरू के पदाधिकारियों ने सोमवार उपखंड अधिकारी अटरू को बिजली की अघोषित कटौती व बढ़ती बिजली दरों एवं खाद की किल्लत व खाद के दामों में अनावश्यक वृद्धि के विरोध में किसान मोर्चा के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया गया। युवा मोर्चा के पदाधिकारी भरत बना एवं राम लखन साथ वालों ने बताया कि प्रदर्शन एवं ज्ञापन देने के दौरान किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंपालाल नागर, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप नागर, एसटी मोर्चा के सौदान मीणा, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष इन्द्रराज नागर, किसान मोर्चा मंडल गऊघाट गोरी शंकर मेहता, भारत बना, पूर्व नगर अध्यक्ष अरविंद पारीक, रामलखन शाक्यवाल, संजय दायमा, देवीलाल ओढ़, महेंद्र सिकलीगर, युवा मोर्चा पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रद्युमन शर्मा, अनिल गौतम बाबू लाल बेरवा, सीताराम मारवाड़ा, एडवोकेट सुरेश शर्मा, जगदीश ओढ़, परमानंद शाक्यवाल, भारत बना, माणक सहरिया, सत्तू सहरिया, सुरेंद्र मीणा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लुहासा में विधिक जागरूकता शिविर में बच्चों को दी विधिक जानकारी

**वैर (सीमा सन्देश सं.)।** ताल्लुका विधिक सेवा समिति वैर द्वारा गांव लुहासा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को विधिक जानकारी प्रदान की गई। समिति के सचिव घनश्याम शर्मा ने बताया कि ताल्लुका विधिक सेवा वैर के तत्वाधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लुहासा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन का किया गया। जिसमें बच्चो को बाल विवाह, बाल अधिकार, बाल शोषण सहित विधिक जानकारी दी गई। विधिक जागरूकता शिविर में करीब 200 बच्चो ने भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य रामनिवास मीणा, व्याख्याता महावीर सिंह, रविकांत, रुचि मीना, शिवदेई धाकड़, नरेश शर्मा, रजनी देवी, अधिवक्ता राजीव, पी एल वी लखनवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# कोयला संकट के बीच दिन के उजाले में भी जल रही रोड लाइट, कैसे बचेगी बिजली



**बस्सी ( सीमा सन्देश सं. )।** कोयले की कमी की समस्या को लेकर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह रविवार को एक्शन के मूड में नजर आए है। कोयले के संकट को दूर करने के लिए केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार दोनों ही ताबडतोड बैठक कर बेहद प्रयास कर रहे हैं इसके लिए गहलोत सरकार द्वारा कोयले की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए अफसरों को खदानों पर भेज कर हर संभव प्रयास किया जा रहा है तथा दूसरी तरफ बिजली कटौती जैसे प्रयास कर बिजली की बचत की जा रही है मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह लोगों को बिजली बचाने के लिए जागरूक करें। सरकारी विभागों में भी जरूरत के समय ही बिजली चलाई जाए, बाकी समय को बंद रखा जाए। लेकिन सरकार द्वारा किये जा रहे बेहद प्रयासो का बस्सी क्षेत्र में धज्जियां उडती हुई नजर आई। बस्सी बस स्टैंड से कृषि मंडी तक रोड लाइट लगी हुई है जिसमें कई रोड लाइटें खराब है तथा जो रोड लाइट सही है वो दिन के उजाले में भी जलती हुई नजर आ रही है प्रश्न यह खड़ा होता है जो रोड लाइटें खराब है उन्हें ठीक क्यों नहीं कराया जा रहा। तथा प्रश्न यह भी खड़ा होता है कि कोयले की कमी के कारण उत्पन्न संकट के बीच प्रशासन दिन के समय रोड लाइट जलाने की लापरवाही कैसे कर सकता है प्रशासन की इस लापरवाही के कारण बिजली का दुरुपयोग हो रहा है।

### प्रशासन की लापरवाही कितनी पड़ सकती है महंगी

केंद्र सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक भारत की कुल बिजली मांग का करीब 70 फीसदी कोयले से बिजली बनाकर ही पूरा किया जाता है. भारत में कोयले की कुल खपत का तीन-चौथाई हिस्सा बिजली उत्पादन पर खर्च होता है वर्तमान समय भारत में हुई कोयले की किल्लत से बिजली उत्पादन पर भी बड़ा असर पड़ा है बस्सी प्रशासन द्वारा बरती जा रही इस प्रकार की लापरवाही से सरकार को कितना बडा नुकसान हो सकता है इसका अनुमान आप लगा सकते हो।



## प्रशासन शहरों के संग शिविर का अतिरिक्त निदेशक ने किया निरीक्षण

**वैर (सीमा सन्देश सं.)।** सोमवार को नगर पालिका वैर द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित प्रशासन शहरों के संग शिविर का स्वायत शासन विभाग के अतिरिक्त निदेशक संजीव पांडे ने औचक निरीक्षण किया तथा शिविर से लोगों को लाभान्वित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

नगर पालिका द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रशासन शहरों के संग अभियान के शिविर आयोजित हुआ जिसका स्वायत शासन विभाग के अतिरिक्त निदेशक संजीव पांडे ने निरीक्षण किया। शिविर में उपस्थित कार्मिकों को निर्देशित किया कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रशासन शहरों के संग अभियान से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए प्रचार प्रसार किया जाए। नगर मित्रों द्वारा पट्टा लेने वाले आवेदकों से 1750 रुपए वसूलने की शिकायत पर निर्धारित शुल्क ही वसूलने व शिकायत मिलने पर कार्यवाही करने के लिए भी निर्देशित किया। अतिरिक्त निदेशक संजीव पांडे ने शिविर में नगर पालिका अधिशासी अधिकारी योगेश कुमार पिप्पल व नगर पालिका अध्यक्ष विष्णु महावर की मौजूदगी में पट्टे का वितरण भी किया। इस अवसर पर नगरपालिका कनिष्ट अभियंता राजेश उपाध्याय, परशुराम धाकड़, विक्रम धाकड़, अशोक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में खाद्य सामग्री वितरित

**बाडी (सीमा सन्देश सं.)।** युवा चेतना समिति बाड़ी द्वारा खाद्य सामग्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ी में वितरण। सोमवार को युवा चेतना समिति बाड़ी धौलपुर राजस्थान के द्वारा नवरात्रा कात्यानी देवी की पूजा अर्चना कर शुभ अवसर पर श्रीमती तरुवाला शर्मा प्रधानाचार्य के नेतृत्व में संस्था अन्न क्षेत्र फाउंडेशन जयपुर के सहयोग से प्राप्त सामग्री काफी टॉफी बिस्कुट पैकेट संस्था बाड़ी द्वारा गरीब असहाय बच्चों को लगातार जागरूक करने पर उनको कॉफी, टॉफी, बिस्कुट पैकेट वितरण कर उनका हौसला बढ़ाया बाड़ी क्षेत्र में पड़े गाड़िया लोहार कोली बस्ती आज सोमवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बाड़ी में 1450/छात्राओं को संस्था युवा चेतना समिति बाड़ी द्वारा बिस्कुट बितरण किये गये हमारी संस्था के द्वारा गरीब /असहाय /बिकलांक लोगों को हर संभव मदद करती रहती है जिन परिवारों के बच्चे पढने नहीं जाते हैं उन परिवार के बच्चों को मोटीबेट करने का भी हमारी संस्था का कार्य है संस्था के पदाधिकारियों द्वारा रामदास तरुण अध्यक्ष, लक्ष्मी नारायण गौड सचिव, विशारद अली, राखी मीना, ममता शर्मा आदि समस्त स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया।

## वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के मण्डल सचिव अब्दुल खालिक का किया सम्मान



**कोटा (सीमा सन्देश सं.)।** कोरोना काल में जनहित में किये गये कार्यों के लिए जी न्यूज द्वारा वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के मण्डल सचिव अब्दुल खालिक का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वायत्त एवं नगरीय शासन मंत्री शांति धारीवाल जी ने की।

वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ कोटा मण्डल के प्रवक्ता विमल मित्तल ने बताया कि वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा कोरोना काल में जनहित में अनेक कार्यक्रम किये। वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ द्वारा पांच विशाल कोविड टीकाकरण शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 2500 से भी अधिक लोगों ने कोविड का टीका लगवाया। इसी प्रकार संघ द्वारा प्लाज्मा बैंक के माध्यम से कोरोना से संक्रमित लोगों को प्लाज्मा उपलब्ध करवाई तथा संघ द्वारा मण्डल रेल चिकित्सालय को ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भी भेंट दिये गये ताकि कोरोना से संक्रमित लोगों का ईलाज सही तरीके से हो सके। कोरोना काल में चिकित्सालय में मरीजों के परिवारजनों को रूकने के लिए कोई व्यवस्था नहीं थी जिसे देखते हुए मण्डल सचिव अब्दुल खालिक द्वारा कुलकर्णी हॉल में पलंग व्यवस्था भी करवायी गयी ताकि मरीजों के परिजन विश्राम इत्यादि कर सके। इसके अतिरिक्त मास्क, सेनेटाईजर, साबुन इत्यादि का वितरण संघ द्वारा पूरे कोटा मण्डल में किया गया।

संघ के जनहित में किये गये इन्हीं कार्यों को देखते हुए आज जी न्यूज द्वारा संघ के मण्डल सचिव अब्दुल खालिक को स्वायत्त एवं नगरीय शासन मंत्री शांति धारीवाल की उपस्थिति में प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## स्टेयरिंग पर सांप देखकर ट्रैक्टर चालक ने कूद कर बचाई जान



**वैर (सीमा सन्देश सं.)।** कस्बा वैर निवासी एक जने की ट्रैक्टर की स्टेयरिंग पर सांप को देखकर हाथ पांव फूल गए और ट्रैक्टर से कूद अपनी जान बचाई।

भुसावर गेट निवासी मूली जाट ने बताया कि रात को एक जने के खेत की जुताई कर वह अपने खेत पर ट्रैक्टर को खड़ा करने पहुंचा तो ट्रैक्टर की स्टेयरिंग से सांप लिपटा हुआ था। सांप ट्रैक्टर पर चढ़कर स्टेयरिंग तक कैसे पहुचा इसकी जानकारी नहीं हो पाई। जैसे ही उसका हाथ सांप से स्पर्श हुआ तो उसे अचानक सांप दिखाई। जो काफी जहरीला सांप था। जिसे देखते ही उसके हाथ पांव फूल गए। और ट्रैक्टर को बंद किए बिना ही ट्रैक्टर से पीछे हल की ओर कूद कर अपनी जान बचाई। परिजनों को मौके पर ही आवाज देकर बुलाया। परिजनों के आने पर करीब डेढ घंटे तक उसके जाने का इंतजार किया। लेकिन सांप नहीं गया और ट्रैक्टर पर ही कभी सीट पर तो कभी हैंडल पर ही घूमता रहा। अंत में सांप को मारना पड़ा। ट्रैक्टर चालक मूली जाट ने अन्य ट्रैक्टर चालकों से भी अपील की है कि रात्रि के समय खेतो से ट्रैक्टर की जुताई करते समय ध्यान रखें। आज तक उन्होंने दूसरों के साथ ही ऐसी घटना होते सुनी थी। लेकिन आज यह घटना उसके साथ ही घटित हो गई।

## ट्रक की टक्कर से हुई गाय-भैंसों की मौत को लेकर मुआवजे के लिए जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**कोटा (सीमा सन्देश सं.)।** आरकेपुरम थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मवेशियों की मौत के मामले में पीड़ितों को मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर कृषि उपजमंडी समिति के पूर्व उपाध्यक्ष देवा भड़क ने जिला कलेक्टर से मुलाकात की। इस दौरान जिला कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा। देवा भड़क ने जिला कलेक्टर को बताया कि रविवार की सुबह करीब सात बजे रावतभाटा रोड़ पर दौलतगंज गांव में एक ट्रक ने 16 गाय-भैंसों को कुचल दिया, इस दुर्घटना में 10 गाय-भैंसों की मृत्यु हो गई। गाय-भैंस के मालिक गरीब लोग हैं, इनका परिवार का भरण-पोषण इन्हीं पर आधारित है। गुर्जर समाज के इन लोगों के पास ना तो खेती बाड़ी है और ना ही कोई काम धंधा है, यह लोग केवल पशुपालन करके अपना एवं अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं और उक्त हादसा होने के बाद से घर का चूल्हा बुझ गया, जिससे उपरोक्त लोगों का परिवार गहरे सदमे में है। उन्होंने जिला कलेक्टर से भविष्य में ऐसी घटनाओं के लिए किसानों व पशुपालकों के हित में एक मुआवजा राशि भी तय किये जाने का भी आग्रह किया।

## अवैध शराब बेचते गिरफ्तार

**बाड़ी (सीमा सन्देश सं.)।** सरमथुरा थाना प्रभारी अनिल गौतम ने पंचायत चुनावों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से अवैध कारोबारियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है इसी संदर्भ में अवैध शराब बेचते हुए साधु सिंह पुत्र पन्ना सिंह ठाकुर निवासी जावर थाना मासलपुर को गिरफ्तार किया है इसके कब्जे से 64 शब्वीर सिंह पुत्र राम सिंह मीणा निवासी बराबर रफ्तार के कब्जे से 62 बरामद किए हैं।



## अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर जिला स्तरीय सम्मान समारोह सम्पन्न

**कोटा (सीमा सन्देश सं.)।** अभिभावक बालिकाओं को बेटा समझकर संस्कारित करें, बालिकाओं को शिक्षा के साथ-साथ स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर भी ध्यान देना चाहिए यह बात समाजसेवी डॉ. एकता धारीवाल ने अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर सूचना केन्द्र नयापुरा कोटा के सभागारा में आयोजित जिला स्तरीय ह्यमेरी बेटी, मेरा सम्मान समारोह में कही।

समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ. एकता धारीवाल, एडीएम सीलिंग एस.एन. आमेटा रहे।

डॉ. एकता धारीवाल ने छात्राओं द्वारा ह्यगाड़ी वाला आया कचरा निकाल...ह्न सामूहीक नृत्य की प्रस्तुति पर बोलते हुये कहा की साफ-सफाई एवं अवेयरनेस ही महामारी से बचाव का मूल मंत्र है। इस लिए बालिकाओं को शिक्षा के साथ-साथ स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर भी ध्यान देना होगा, तब ही देश आगे बढ़ पायेगा। इनसे पूर्व एडीएम सीलिंग एस.एन. आमेटा ने अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर बोलते हुये कहा की बालिकाओं की क्षमताओं और शक्तियों को पहचान कर उनके लिए दिल खोलकर अवसर मुहैया कराने चाहिए। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने के पीछे उद्देश्य है कि बालिकाओं की आवाज को सशक्त करना है। वही उन्होंने कहा की दुनियाभर में कई ऐसे इलाके जहां बालिका को कम महत्व दिया जाता है और बालिकाओं के साथ विवाह, शिक्षा, सामाजिक स्तर में कई तरह के भेदभाव किए जाते है। उन्होंने कहा की लडका-लडकी में लैंगिंग विभेद खत्म करें और बेटियों को उच्चतम स्तर तक पहुंचाने के लिए उनका हर कदम पर साथ दें। कार्यक्रम में कैथून की प्रधानाचार्य श्रीमती स्नेह लता चड्ढा ने भी बालिका शिक्षा प्रोत्साहन पर प्रकाश डाला।

# हजारों विद्यार्थियों को मिलेगी राहत : मृदुल



**धौलपुर (सीमा सन्देश सं.)।** देश में 12 अक्टूबर को आरटीआई एक्ट की स्थापना का उद्देश्य शासन एवं प्रशासन मे पारदर्शिता लाना था परन्तु बृज विवि आरटीआइ एक्ट के नियमो का उल्लंघन करता नजर आ रहा है हलांकि बीएड छात्र मृदुल कृष्ण भारद्वाज ने बृज विवि के नियमो को ही चुनौती दे डाली एवं छात्र की जिद के आगे विवि को अपने नियम बदलने पडे और आयोग द्वारा अपने पक्ष मे निर्णय कर हजारो विघार्थियों को राहत दिला दी। मृदुल ने बताया कि उन्होने बृज विवि से स्वयं की बीएड की उत्तरपुस्तिका की छायाप्रति हेतु आरटीआइ एक्ट के तहत आवेदन किया परन्तु विवि द्वारा उत्तरपुस्तिका के 580 रु जमा कराने एवं पुनमूल्याकन हेतु आवेदन की कहा एवं मृदुल द्वारा प्रथम अपीलीय अधिकारी को पत्र द्वारा अवगत कराया गया कि उन्होने आरटीआइ एक्ट के तहत आवेदन किया ना कि पुनमूल्याकन विवि द्वारा प्रथम अपीलीय अपीलोत्तर मे वाक्य सुधार किया गया एवं बताया गया कि उत्तरपुस्तिका विशेष प्रावधान से राजस्थान विवि के नियमो के तहत उपलब्ध करवाई जाती है।

### दो रुपए से अधिक शुल्क वसूलना विधि विरुद्ध : हाईकोर्ट

वर्ष 2012 में अल्का मटोरिया बनाम महाराजा गंगा सिंह विवि बीकानेर एवं रज्जाक खान बनाम जेएनवीयू जोधपुर के निर्णय मे भी कोर्ट द्वारा आरटीआइ एक्ट के तहत दो रुपए प्रति पृष्ठ से उत्तरपुस्तिका उपलब्ध कराने का आदेश विवि को मानना पड़ा।

### आयोग के निर्णय ने दी राहत : मृदुल

मृदुल बताते है कि दोषो की लम्बी लडाई के पश्चात विवि द्वारा 25 फरवरी को आयोग द्वारा निर्णय दिया कि अपीलार्थी आरटीआई एक्ट के प्रावधानो के अनुसार निर्धारित विहित शुल्क पर सूचना पाने का अधिकारी है विवि आदेश की प्राप्ति के 21 दिवस की अवधि मे अपीलार्थी द्वारा मांगी गई विषयो कि उत्तरपुस्तिका की पृष्ठ संख्या बताकर दो रुपए प्रति पृष्ठ की दर से नियम चार मे विहित प्रावधान के तहत उपलब्ध करवाएं विवि को उत्तरपुस्तिका के सुरक्षित रखने के लिए भी मृदुल ने पत्र लिखा कि जब तक आयोग का निर्णय ना हो जाएं मेरी उत्तरपुस्तिका सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी विवि की बनती है।

### सीबीएसई का निर्णय बना आधार

बृज विवि द्वारा अपने पत्र मे कहा गया कि जब तक कुमार शानु बनाम सीबीएसई का निर्णय नही आ जाता तब तक राजस्थान विवि के नियम ही मान्य रहेगे सुप्रीम कोर्ट द्वारा 29 अक्टूबर 2018 के निर्णय दिया गया कि उत्तरपुस्तिका की प्रतिलिपि का शुल्क दो रुपए प्रति पृष्ठ होगा

### रद्दी का दिया हवाला

आयोग के निर्णय की प्रति मिलने मे देरी के कारण रद्दी मे दिए जाने का हवाला दिया गया जो कि न्यायसंगत प्रतीत नही होता है मृदुल बताते है कि सभी विवि ने अपने तरीको से आरटीआइ एक्ट को शिथिल कर रखा है जो कि उल्लंघन नजर आता है( मृदुल आरटीआइ के क्षेत्र मे काफी सकिय है वह युवा विकास केन्द्र के स्पीकर, गणित विशेषज्ञ दिशारी एप, संस्थापक एलुमिनि समिति राजकीय महाविद्यालय धौलपुर एवं वर्तमान मे बाल अधिकारिता विभाग मे परामर्शदाता हैं।


## कार्यालय नगर पालिका, केकड़ी (जिला-अजमेर)

Email ID-npkekri2011@gmail.com (o) 01467-220002, 220019 www.urban.rajasthan.gov.in/ulbkekri

क्रमांक : न.पा.के./नामान्तरण/2021-22/ 3625 दिनांक : 8.10.2021

**-: आपत्ति आमंत्रण सूचना:-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र में निम्न आवेदक द्वारा अपने क्रयशुदा भूखण्ड/जायदाद को नगर पालिका रेकॉर्ड में नाम हस्तान्तरण हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है। जिसमें किसी भी व्यक्ति/सज्जन/पड़ोसी को कोई आपत्ति हो, तो कार्यालय में 7 दिवस में लिखित में मय दस्तावेजों के प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद आवेदक को नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिसमें किसी का कोई उजर मान्य नहीं होगा :-

| क्र. सं. | आवेदन कर्ता | विक्रेता का नाम | दिशाएं | सम्पत्ति का प्रकार | क्षेत्रफल वर्गगज में | हस्तान्तरण का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती शांति देवी पत्नी बजरंग लाल सिंगोदिया नि. जूनिया गेट केकड़ी | श्री रिद्धकरण पुत्र रघुनाथ निवासी केकडी | पूर्व-विक्रेता की जायदार पश्चिम-सीमेंट रोड सापदा उत्तर-दुकान विक्रेता दक्षिण-डामर रोड जयपुर | एक पुख्ता दुकान वाके सापदा रोड केकड़ी | 32.16 | विक्रय पत्र |

(बसन्त कुमार सैनी)
अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका केकड़ी

## कार्यालय नगर पालिका, केकड़ी (जिला-अजमेर)

Email ID-npkekri2011@gmail.com (o) 01467-220002, 220019 www.urban.rajasthan.gov.in/ulbkekri

क्रमांक : न.पा.के./नामान्तरण/2021-22/ 3623 दिनांक : 8.10.2021

**-: आपत्ति आमंत्रण सूचना:-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र में निम्न आवेदक द्वारा अपने क्रयशुदा भूखण्ड/जायदाद को नगर पालिका रेकॉर्ड में नाम हस्तान्तरण हेतु ऑनलाईन आवेदन किया गया है। जिसमें किसी भी व्यक्ति/सज्जन/पड़ोसी को कोई आपत्ति हो, तो कार्यालय में 7 दिवस में लिखित में मय दस्तावेजों के प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद आवेदक को नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिसमें किसी का कोई उजर मान्य नहीं होगा :-

| क्र. सं. | आवेदन कर्ता | विक्रेता का नाम | दिशाएं | सम्पत्ति का प्रकार | क्षेत्रफल वर्गगज में | हस्तान्तरण का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पदम चन्द सिगोदिया व संदीप सिगोदिया पुत्र बजरंग लाल माली नि. केकड़ी | बजरंग लाल सिगोदिया त्रिलोक चन्द सैनी नि. सदर बाजार केकड़ी | पूर्व-सीमेन्द्र सड़क पश्चिम-सूरजमल विजय वर्गीय का गोदाम उत्तर-शांति देवी की दुकान दक्षिण-दुकान विजय कुमार | दुकान वाके जूनिया गेट की तरफ | 21.25 | वसीयतनामा |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका केकड़ी


**आरोप** — बाड़ी का कचरा घर है गांव आदमपुर

# आदमपुर गांव में फैला डेंगू बुखार,घर-घर बिछी मरीजों की खाट




**धौलपुर (सीमा सन्देश सं.)।** उपखंड बाड़ी के गांव आदमपुर में घर घर में मच्छर जनित बीमारियों का प्रकोप छाया है जिसके चलते मरीजों की खाट पर खाट बिछी हैं और पूरा परिवार परेशान हैं लगभग 1000 की आबादी वाले इस गांव में 75 से 80 लोग डेंगू बुखार की चपेट में बताये गये है जिनमें से कुछ धौलपुर तो कुछ बाड़ी में उपचार करा रहे हैं जो गरीब परिवार हैं वह सरकारी अस्पताल में उपचार ले रहे हैं ग्रामीणों का आरोप है कि मच्छर जनित बीमारियों के फैलने की सूचना के बाद भी चिकित्सा महकमा नीद से नहीं जाग रहा है शनिवार को गांव में कुछ जगह पर महिला स्वास्थ्य कार्यकताओं द्वारा पानी में दवा का छिड़काव किया है जबकि इस वक्त घर घर में फागिंग की जरूरत है जिससे मच्छरों को नियंत्रित किया जा सके, बुजुर्ग ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में नगर पालिका बाड़ी का जो कचरा घर है वह मच्छर जनित बीमारियों को फैला रहा है।

गांव की उप सरपंच गुड्डी देवी का आरोप है कि उन्होंने बीमारियों के फैलने के बाद बाड़ी उपखंड प्रशासन को मामले से अवगत कराते हुए मच्छर प्रकोप को समाप्त करने, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करने, गांव में घर-घर फागिंग कराने के लिए पत्र लिखा था लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई ऐसे में वे खुद बीमारी की चपेट में है और उपचार ले रही हैं। गांव के डेंग्यू से पीड़ित मरीज साहब सिंह का कहना है कि वे बाड़ी में एक निजी चिकित्सक पर उपचार ले रहे हैं जिसका खर्चा बहुत अधिक आ रहा है क्योंकि डेंगू जानलेवा है इसमें रक्त की प्लेट डाउन होती हैं ऐसे में जीवन का खतरा रहता है ऐसे में मेडिकल टीम गांव में भेजी जाये जो घर-घर जाकर लोगों की जाँच करे और उपचार करें, बुजुर्ग ग्रामीण भोलाराम राजपूत का कहना है कि उनके जीवन में पहली बार गांव में ऐसी बीमारी फैल है ऐसे में उपचार जरूरी है वही उप सरपंच प्रतिनिधि रामनिवास कुशवाहा ने भी गांव में फागिंग कराने की मांग की है। गांव में जानकारी करने पर पता लगा कि डेंगू बुखार की चपेट में सबसे अधिक महिला और बच्चे हैं जिनमें रोशन पत्नी पप्पू, नीरज पुत्र पप्पू, अंकिता पुत्री पप्पू, अंजलि पुत्री पप्पू, रितु पत्नी रामगोपाल, सपना पुत्री राम दुलारे, मनीष पुत्र वीरी, सुचिता पुत्री वीरी, पूजा पुत्री नाहर सिंह, रजनी पुत्री बलबीर, बलवीर, नरेंद्र, ममता पत्नी उमेश के साथ लगभग पांच दर्जन से अधिक लोग डेंगू की चपेट में है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री द्वारा शुरू हुए स्वच्छता अभियान के बाद ही नगरपालिका ने गांव आदमपुर से सटी भूमि पर समूची बाड़ी नगरपालिका क्षेत्र के कचरे को इकट्ठा करना शुरू कर दिया तब से गांव में मच्छर मक्खियों की भरमार है।

## बसेड़ी विधायक चुनाव में करेंगे संयुक्त प्रचार

**बाड़ी (सीमा सन्देश सं.)।** बसेड़ी विधायक पंचायत चुनाव में संयुक्त रूप से करेंगे प्रचार प्राप्त जानकारी अनुसार 12 अक्टूबर को सरमथुरा क्षेत्र में बिलोनी में 10:15 बजे करौली में 11:00 बजे चंद्रावली में 12:00 बजे डोगई में 1:00 बजे मडासिल में 2:00 बजे, बिजोली में 3:00 बजे, बरौली में 4:00 बजे, रेरई में 5:00 बजे, आन्गई में 6बजे कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रचार करेंगे दोनों विधायकों ने बताया है हमारा उद्देश्य जिले में सभी पंचायत समितियों में कांग्रेस के प्रधान बने इसकी कोशिश पूरी रणनीति बनाकर की जा रही है चित्तौड़ पर निश्चित तौर पर कांग्रेस की स्थितियां मजबूत है जनता का सहयोग मिलेगा कांग्रेस की पंचायतों में सरकार बनेगी कांग्रेस कार्यकर्ता चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं के तौर पर कांग्रे स्कोर इसका लाभ मिलेगा।

## केकड़ी मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष बने गोपाल सारडीवाल

**केकडी (सीमा सन्देश सं.)।** मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज केकड़ी के स्वर्णकार भवन में जिलाध्यक्ष व स्थानीय अध्यक्ष चंद्रप्रकाश कांदला की अध्यक्षता में साधारण सभा का आयोजन किया गया।



जिसमें भगवत सोनी द्वारा आय व व्यय का हिसाब पेश किया। उसके उपरांत चंद्रप्रकाश कांदला ने केकडी समाज अध्यक्ष पद से अपनी निवर्तमान कार्यकारिणी सहित अपना इस्तीफा देकर कार्यकारिणी भंग की गई। साथ ही समाज के सभी व्यक्तियों ने केकडी अध्यक्ष के लिए गोपाल लाल सारडीवाल( मैकेनिकल इंजीनियर भारतीय जीवन बीमा निगम में प्रशासनिक अधिकारी से सेवानिवृत्त ) को सर्वसम्मति से निर्वाचित किया समाज द्वारा नवअध्यक्ष का माल्यार्पण व साफा बंधवाकर स्वागत किया शीध्र कार्यकारिणी की घोषणा करने को कहा गया अध्यक्ष गोपाल सारडीवाल ने समाज के सभी व्यक्तियों को साथ लेकर चलने और सभी की सहमति से समाज हित के कार्य करने का भरोसा दिलाया। मीटिंग में समाज के सभी व्यक्ति उपस्थित रहे।

## बाईक चोर समेत दो जनो को किया गिरफ्तार



**टोंक (सीमा संदेश)।** सदर थाना पुलिस ने मोटरसाईकिल चोरी व अवैध बजरी प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश के आदेशानुसार एवं वृत्ताधिकारी चन्द्रसिंह रावत के निर्देशन में थानाधिकारी सदर दशरथसिंह के नेतृत्व में हैडकास्टेबल शंकरलाल, कानि. संजय दत्त, अशोक द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मोटरसाईकिल चोरी प्रकरण में रवि उर्फ भागचंद पुत्र कैलाशचंद सैनी निवासी पंचकुईया दरवाजा टोंक को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाईकिल बरामद की है। इसी प्रकार सदर पुलिस के उपनिरीक्षक नंदसिंह ने अवैध बजरी प्रकरण में फरार आरोपी देवराज पुत्र देवकरण गुर्जर निवासी बिलासपुर थाना नगरफोर्ट को गिरफ्तार किया है।

## कन्हैया लखेरा जिला कार्यालय मंत्री मनोनीत

**टोंक (सीमा संदेश)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की दिशा में



घटित जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष नारायणलाल चौधरी की सहमति से जिला ध्यक्ष पंकज शर्मा ने कन्हैया लखेरा अलीगढ़ निवासी को जिला कार्यालय मंत्री पद पर मनोनीत किया है।

## डेगाना स्टेशन पर ट्रेन से गिरा युवक, हुई मौत

**डेगाना (सीमा सन्देश सं.)।** आंद्रप्रदेश से जौधपुर की ओर जाने वाली हम सफर स्पेशल यात्री ट्रेन से सोमवार को डेगाना स्टेशन पर एक युवक के चलती ट्रेन से नीचे गिरने मोत हो गई। जीआरपी के पूनाराम ने बताया की सोमवार की सुबह करीब साढे चार बजे हम सफर यात्री ट्रेन डेगाना स्टेशन से सीधी जा रही थी।

जिससे डेगाना प्लेटफार्म के पास ही एक यात्री के ट्रेन से नीचे गिरने की सूचना मिली। सूचना पर रेलवे पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो एक यात्री औधे मुहं गिरा हुआ था। पुलिस ने तुरंत एम्बूलेंस के माध्यम से युवक को चिकित्सालय पहुंचाया। जंहा उपचार के दौरान उसने दम तौड दिया। जीआरपी के पूनाराम ने बताया की यात्री की जेंब मे मिले कागजात से उसकी शिनाख्त दिनेश कुमार पुत्र रामपाल कुमावत 26 साल निवासी कवलिया जिला पाली के रूप मे हुई। पुलिस ने शव को डेगाना चिकित्सालय की मौर्चरी मे रखवाया ओर युवक के परिजनों को हादसे की सूचना दी। बताया गया की युवक के पास आंद्रप्रदेश से जौधपुर का टिकट था। वह ट्रेन से नीचे केसे गिरा इसे लेकर पुलिस अनुसंधान कर रही है।

# प्रशासन गांवों के संग अभियान का लें पूरा लाभः पायलट

### मोदी सरकार को देश में अराजकता एवं बेरोजगारी के लिए ठहराया जिम्मेदार

### पायलट ने अरनियामाल व मेहन्दवास में प्रशासन गांवो के संग शिविर में भाग लिया



**टोंक (सीमा संदेश)।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एंव टोंक विधायक सचिन पायलट छह दिन के अंतराल में ही सोमवार को दूसरी बार टोंक के दो दिवसीय पर टोंक पहुचे।

पायलट ने ग्राम अरनियामाल एंव मेहन्दवास में आयोजित प्रशासन गांवो के संग अभियान के शिविर में भाग लेते हुये लाभार्थियो को पट्टे एवं स्वरोजगार के लियं चेक वितरित कर आमजन से अभियान का अधिक से अधिक लाभ लेने का आव्हान किया। उन्होने केन्द्र सरकार पर देश में बेरोजगारी बढ़ाने का आरोप लगाते हुये नये कृषि कानून के जरिये किसानो का शोषण करने का आरोप लगाया। जबकि राजस्थान की कांग्रेस सरकार की मंशा है कि आमजन को अपने राजस्व सहित अन्य जरूरी कामो के लिय इधर से उधर चक्कर नही लगाना पडे। जिसके लिये ही प्रशासन गांवो/शहरो के संग अभियान के शिविर लगाये जा रहे है।

उन्होने अधिकारियो को भी निर्देशित किया कि वह जिम्मेदारी से अपने कत्वर्य का निर्वहन कर लोगो को लाभान्वित करवाये। शिविर में पायलट ने लाभार्थियो को पटटो का वितरण कर वहा विभ्भीन्न विभागो की और से की जा रही गतिविधियो की भी जानकारी ली।

इस मोके पर जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, एडीएम मुरारीलाल मीणा, एसपी ओमप्रकाश, सीएमएचओ डा. अशोक यादव, कांग्रेस के जिला प्रभारी महेन्द्र सिंह खेड़ी, कांगेंस के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण गाता, पीसीसी के पूर्व सदस्य सउद सईदी, दिनेश चौरासिया, अजीज कुरेशी, हंसराज गाता, जहीर आलम, राहूल सैनी, अरनिया माल सरपंच शांतिलाल मीणा, सहित ग्रामीण मौजुद थे।

### प्रशासन गांवों के संग अभियान-2021

## अधिकारी संवेदनशीलता से आमजन की समस्याओं का समाधान करें: जिला कलेक्टर



**टोंक, मालपुरा, (सीमा संदेश)।** प्रशासन गांवों के संग अभियान -2021 का लोगो को पूरा लाभ मिले इसके लिय जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल लगातार जिले में लगाए जा रहे शिविरों का निरीक्षण कर विभागों की तैयारियों का जायजा ले रही है। जिला कलेक्टर ने सोमवार को ग्राम पंचायत लावा में आयोजित शिविर का निरीक्षण कर सभी अधिकारी-कार्मिकों को संवेदनशीलता के साथ आमजन की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को उनके विभाग से जुडें कार्यो के प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही कर शिविर में निस्तारित करने को कहा। ताकि आने वाला नागरिक शिविर से संतुष्ट होकर जांए। इस दौरान तहसीलदार प्रहलाद सिंह ने कलेक्टर को शिविर की प्रगति रिर्पोट से अवगत करवाया।

**दिव्यांग रतिराम को मिला पट्टा :** दिव्यांग रतिराम के लिए प्रशासन गांवों के संग अभियान तो जेसे वरदान बनकर आया। लावा में जिला कलेक्टर के समक्ष रतिराम खटीक अपनी पीडा लेकर पहुंचा। लेकिन शारीरिक विकलांगता के कारण वह ठीक से अपनी पीडा भी नहीं बता पा रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि रतिराम के पास रहने के लिए कोई जगह नहीं है।

जिला कलेक्टर ने उसके दुख दर्द को समझते हुए विकास अधिकारी सतपाल कुमावत को मौके पर ही समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिये जिस पर रतिराम को ग्राम पंचायत भूमि आवंटन का पट्टा दिया गया। जिला कलेक्टर ने पहल करते हुए रतिराम का घर बनाने के लिए स्वयं ने 5 हजार रुपए दिए। इसके बाद प्रधान सकराम चौपडा, जिला परिषद सदस्य छोगाराम गुर्जर, उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी ने भी पांच-पांच हजार रू. दिये तो रतिराम के चेहरा खिल उठा।

## सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का उठाएं लाभ : मिर्धा

**डेगाना (सीमा सन्देश सं.)।** सोमवार को ग्राम पंचायत मोड़ीकलाँ के राउमावि में प्रशासन गांवों के संग अभियान आयोजित हुआ हुआ। शिविर में विधायक विजयपाल मिर्धा की अगुवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने जनसुनवाई कर लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया। मोड़ीकलाँ में 50 वर्षों से चक्कर काट तीन भाइयों लालाराम, प्रतापराम व हेमाराम को 9 बीघा जमीन पर खातेदारी का अधिकार पहली बार मिला। ग्राम बोफली में रहने वाले बीरमाराम, घासीराम, नरसीराम, पुसाराम, हिरकी के परिवार को 70 वर्षों बाद बंटवारे का हक मिला। शिविर में पहुँचे विधायक विजयपाल मिर्धा, प्रधान जसवंत सिंह, एसडीएम गौरीशंकर शर्मा, पीसीसी सदस्य शिवपाल सिंह मातवा, बीडीओ बीरबल सिंह जानू, नायब तहसीलदार घासीराम चौधरी ने पट्टों का वितरण किया। इस मौके पर विधायक मिर्धा ने कहा कि शिविर की सार्थकता साबित हो रही है। गांव में बैठे लोगों को प्रशासनिक समस्याओं से निजात मिल रही है। आधुनिक जमाने में प्रशासनिक कार्रवाई ग्राम स्तर पर होने से सच्चे अर्थों में ग्राम स्वराज्य की अवधारणा का सपना साकार हो रहा है। ग्रामीण राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

## पुरूष प्रधान समाज में महिलाओं को लेकर मानसिकता बदलनी होगी

**डेगाना (सीमा सन्देश सं.)।** सोमवार को अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शारदे बालिका छात्रावास मे मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी श्रीमती संगीता मानवी के मुख्य आतिथ्य मे समारोह आयोजित किया। जिसमे भामाशाह व्याख्याता विष्णुकांत शर्मा द्वारा छात्रावास की बालिकाओं को चरण पादूकाओं का वितरण किया। समारोह मे बोलते हुये सीबीईओ मानवी ने कहा की महिलाएं शक्ति ओर भक्ति की प्रतीक होती है। बिना महिला के दुनिया की कल्पना तक नही की जा सकती।

इसलिए आज के समय मे महिला सुरक्षा ओर बालिका शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल के प्राचार्य श्रवण लाल आचार्य ने इस अवसर पर कहा की आज की महिलाएं हर क्षैत्र मे पुरूषों के बराबर है। महिला भक्ति ओर शक्ति की प्रतीक है। नवरात्रा इसी बात का उदाहरण है। उन्होंने मीरा, करमा, लक्ष्मीबाई, जीजाबाई, कल्पाना चावला का जैसी साहसी महिलाओं के जीवन का उदाहरण महिला शक्ति के बारें मे बताया। समारोह का संचालन व्याख्याता विष्णुकांत शर्मा ने किया। जिनके माध्यम से विद्यालय की 40 छात्राओं को चरण पादूकाएं वितरित की गई।

## ईनामी बदमाश कल्लन सहित दो गिरफ्तार, दो सगे भाईयो पर हमला कर काट रहा था फरारी

**टोंक (सीमा संदेश)।** कोतवाली थानान्तर्गत सुभाष बाजार के पास गत दिनों सरे राह दो भाईयों पर धारधार हथियार व चाकू से हमला कर फरार हुये हिस्ट्रीशीटर व पांच हजार रू. का ईनामी बदमाश कल्लन खां उर्फ इमरान निवासी बाबरो का चोक सहित दो जनों को पुलिस की विशेष टीम ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।



जानकारी के अनुसार आठ दिन पूर्व कल्लन खां ने मुकेश पहाड़िया सहित अन्य युवकों के साथ मिलकर सुरेश व नरेश गुर्जर पुत्रान जगदीश पर पुरानी रंजिशवश चाकू से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर फरार हो गया था। इस मामले में पुलिस मुकेश पहाडि?ा सहित तीन जनों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। लेकिन गिरफ्त में नही आने से पुलिस के लिए कल्लन सर दर्द बना हुआ था, जिस पर पुलिस ने 5 हजार रू. का ईनाम भी घोषित कर दिया था। कल्लन की गिरप्तारी के लिय पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश के आदेशानुसार व वृताधिकारी चन्द्रसिंह रावत के निर्देशन में थानाधिकारी कोतवाली जितेन्द्र सिंह चारण के नेतृत्व में राजेश गुर्जर, इकबाल, मंजूर, जीतराम, रोकेश आदि की डीएसटी टीम ने आखिरकार हिस्ट्रीशीटर कल्लन खां पिंजारा व सहयोगी राहत देशवालीं को देर रात कोटा सें गिरफ्तार कर लिया गया। डिप्टी रावत ने बताया कि पुलिस आरोपी कल्लन से वारदात के कारणों के बारे में सघनता से पूछताछ कर रही है, कल्लन के विरूद्व एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज है।

## भूमि आवंटन के लिए राजकीय यूनानी औषधालय का पुनः स्मरण

**देवली (सीमा सन्देश सं.)।** सोमवार को राजकीय यूनानी औषधालय द्वारा भूमि आवंटन के लिए उपखण्ड अधिकारी देवली को लिखित में स्मरण पत्र लिख कर अवगत कराया गया है, किसी वजह से उपखण्ड अधिकारी



छुट्टियों में चल रहे हैं ऐसे में उपखण्ड कार्यालय में कार्यरत कनिष्ठ सहायक रघुनन्दन सामरिया को भूमि आवंटन का माँग पत्र स्मरण हेतु दिया गया है, डॉ. लियाकत अली मंसूरी ने बताया उम्मीद करते हैं कि इन दिनों 'शहरों के संग अभियान' में औषधालय लिए भूमि आवंटित हो जायेगी। अगर औषधालय के लिए भूमि आवंटित हो जाती है तो देवली के निवासियों के लिए बहुत बड़ी खुशी की बात होगी, क्योंकि भूमि स्वामित्व होने के बाद सरकार से हर साल आने वाला पैसा लेप्स नहीं होने के कारण औषधालय की प्रगति के कहीं नये द्वार खुलेंगे जिससे देवली क्षेत्र के निवासियों को उपचार और सुविधाएं ज्यादा मिलने लगेगी और अधिक दवाइयाँ आएँगी, स्टाफ भी और बढ़ सकता है जिससे देवली क्षेत्र के लोगों का उपचार बढ़ेगा और जन सेवाएँ बढ़ेगी। हम सब और देवली के निवासी उम्मीद करते हैं कि इस बार 'शहरों के संग अभियान' में देवली के उपखण्ड अधिकारी महोदय यूनानी औषधालय के लिए भूमि आवंटित कर देंगे।

## बालिका दिवस पर बालिकाओं का केक काटकर मनाया जन्मदिवस

**देवली (सीमा सन्देश सं.)।** ग्राम पंचायत चंदवाड में प्रशासन गांवों के संग अभियान मे बालिका दिवस के अवसर पर बालिका महिला



अधिकारिता विभाग द्वारा बालिकाओं का जन्मोत्सव मनाया गया जिसमें बालिकाओं द्वारा उनसे केक कटवा कर उनको पौधे वितरित किए गए व बालिकाओं को मिठाई दी गई यह जन्मदिन भारत भूषण गोयल उपखंड अधिकारी देवली नायब तहसीलदार, मुरारी लाल शर्मा ग्राम सेवा सहकारी समिति चन्दवाड अध्यक्ष, दूनी महिला अधिकारिता विभाग की सीडीपीओ चंद्रकांता जी, ग्राम साथिन सरिता देवी शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मेना शर्मा सभी की उपस्थिति में बालिका जन्मोत्सव मनाया गया।

## छात्राओं को वितरित किए निःशुल्क सेनेटरी पैड्स

**मालपुरा (सीमा सन्देश सं.)।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन द्वारा सोमवार को छात्राओं को निःशुल्क सैनेटरी पैड्स वितरित किए। रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन द्वारा अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर राजकीय



बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9 से 12 तक अध्ययनरत छात्राओं को निःशुल्क सेनेटरी पेड्स वितरित किए। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 11 व 12 में अध्ययनरत छात्राओं को निःशुल्क सेनेटरी पैडस वितरित किए। इस अवसर पर बीसीएमओ डॉ1टर संजीव चौधरी, प्रधानाचार्य अनुपम कालरा, प्रधानाचार्य गिरधर सिंह, डॉ गौरव राठौड, डॉक्टर राजकुमार वर्मा ने अतिथि के रूप में शिरकत की। रोटे राकेश कुमार जैन व पवन कुमार जैन संगम ने बताया कि रोटरी जिला 3054 के सभी क्लब सदस्यों द्वारा दो लाख से भी ज्यादा सेनेटरी नैपकिन वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सचिव सुनील जैन, भागचन्द जैन, अरुण काबरा, मधुसूदन पारीक, ज्ञानचंद जैन, कपिल कांत पाठक, सहित रोटरी क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

## दो दिवसीय पशु पालन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**मालपुरा (सीमा सन्देश सं.)।** राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर द्वारा संचालित पशु विज्ञान केंद्र अविकानगर द्वारा सोमवार को आत्मा योजना अंतर्गत दो दिवसीय संस्थागत पशुपालक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में प्रसार शिक्षा निदेशक राजुवास बीकानेर डॉ. राजेश कुमार धुडीया ने ऑनलाइन जुड़कर पशुपालकों को अपने पशुपालन



में विभिन्न वैज्ञानिक नवाचारों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने राजूवास द्वारा किसानों के हितों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों जैसे- ई-पशुपालक चौपाल, धीणै री बाते आदि कार्यक्रम में जुड़ कर लाभ उठाने का आह्वान किया। केंद्र प्रभारी डॉ. मदन मोहन माली ने आए हुए सभी किसानों का स्वागत उद्बोधन दिया साथ ही निदेशक महोदय का पशुपालकों को प्रोत्साहित करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर के प्रथम दिन विशेषज्ञ के रूप में वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी मालपुरा डॉ. अनिल परतानी, वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. डांगी, प्रधान वैज्ञानिक, केंद्रीय भेड़ अनुसंधान संस्थान डॉ. रणधीर सिंह भट्ट ने पशुपालकों को पशुपालन के विभिन्न आयामों जैसे- खरगोश पालन से आर्थिक लाभ, वैज्ञानिक तरीकों से भेड एवं बकरी पालन के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। शिविर का संचालन डॉ. राजेश सैनी व डॉ. नरेंद्र चौधरी ने किया।

# रीट परीक्षा में हुई धांधली के विरोध में सैंकड़ों युवाओं ने भाग लिया



**केकड़ी (सीमा सन्देश सं.)।** रीट परीक्षा में धांधली के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा के नेतृत्व में आयोजित विशाल आक्रोश रैली में केकडी क्षेत्र से सेंकडो युवाओ ने भाग लिया, रैली में युवा मोर्चा अजमेर देहात जिला महामंत्री देवव्रत सिंह, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमावत, केकडी प्रधान होंनहार सिंह, शहर मण्डल अध्यक्ष अनिल राठी, युवा मोर्चा ब्रम्हाणी माता मण्डल अध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह, युवा मोर्चा सरवाड अध्यक्ष कन्हैयालाल माली, युवा मोर्चा केकडी उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह, ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री हनुमान धाकड़, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष राजवीर हावा, आनन्द कीर, तेजकरण पाराशर मंत्री, उज्जवल जेन, प्रदीप कुमार, विकास माली, राहुल अरोडा.सहित सेंकडो युवाओ ने भाग लिया।

रैली को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पुनिया ने सम्बोधित करते हुए की कांग्रेस की कथनी व करनी में फर्क है लखीमपुर में राहुल गांधी व प्रियंका गांधी पहुंचते है जबकि राजस्थान में दलित वर्ग पर अत्याचारों के खिलाफ कुछ नही बोलते कांग्रेस की नीति दोगली है जैसे हाथी के दांत खाने के ओर व दिखाने के ओर होते है वही हाल कांग्रेस का है लखीमपुर में पंजाब व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री लाखो रुपये देने की घोषणा करते है लेकिन राजस्थान में दलित अत्याचार पर कोई घोषणा तक नही ये मात्र दिखावा करते है। युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में युवाओ को रोजगार देने व बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था लेकि ये दोनों वादे ही रहे उल्टे रीट व अन्य भर्ती परीक्षाओ में धांधली कर युवाओ के हितों पर कुठाराघात किया है इसके लिए हम रीट परीक्षा की सम्पूर्ण घटनाक्रम की सीबीआई से जांच करवाकर युवाओ को न्याय देने की मांग करते है।

## उत्तर प्रदेश की घटना को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया मौनव्रत धारण

**कुचामन सिटी (सीमा सन्देश सं.)।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कुचामन शहर में स्थानीय नगर कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी व कांग्रेस पार्टी के सभी अग्रिम संगठनों द्वारा स्थानीय कनोई पार्क में गांधीजी की प्रतिमा के निकट बैठकर सुबह 8:30 बजे से 10:30 बजे तक मौन व्रत धारण किया।लिखमपुर उत्तर प्रदेश में गांधीवादी तरीके से तीन काले कृषि बिलों के विरोध में धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों पर गाड़ी से कुचल कर हत्या करने पर केंद्रीय राज्य मंत्री के बेटे को अपराधी के तौर पर नामित होने के बाद केंद्रीय राज्य मंत्री अमित मिश्रा को बर्दाश्त करने बाबत व तीनों काले कृषि बिलों को वापस लेने व अपराधियों को कठोर दंड देने व किसानों को न्याय देने बाबत अहिंसा वादी व गांधीवादी तरीके से मौन व्रत रखा गया। सभी उपस्थित कांग्रेस जनों ने इस कृत्य की घोर निंदा की तथा तानाशाह केंद्रीय गृह राज्य मंत्री को तुरंत बर्खास्त करने का आह्वान किया।

## प्रशासन गांवो के संग अभियान में 39 वर्ष बाद मिला खातेदारी का अधिकार

**परबतसर (सीमा सन्देश सं.)।** प्रशासन गांवो के संग अभियान 2021 के तहत ग्राम पंचायत खोखर में शिविर आयोजित हुआ। शिविर में एसडीएम शिव पाल जाट, तहसीलदार जगराम मीणा, जिसमें राजस्व विभाग के द्वारा 60 नामांतरण ,7 आपसी सहमति से भूमि विभाजन, 11 रास्ते प्रकरण, तथा 113 जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्र जारी किए गए। इसके साथ ही 39 राजस्व रिकार्ड की नकले ,प्रकरण जो उपखण्ड मुख्यालय में पूर्व से लम्बित थे। उनका निस्तारण किया गया। पंचायत राज्य विभाग द्वारा 70 नये जाब कार्ड जारी किए। 107 नियम 157 के तहत भवन पट्टे जारी किए। रोडवेज विभाग द्वारा 12 पात्र व्यक्तियों के पास जारी किए गए। चिकित्सा विभाग द्वारा 90 महिला और 124 पुरूषों का निःशुल्क चिकित्सा उपचार कर लाभान्वित किया गया। महिला अधिकारी विभाग द्वारा 162 व्यक्तियो को इंदिरा महिला शक्ति उधम प्रोत्साहन योजना एवं बेटी बचाओ ,बेढी पढ़ाओ की योजना से जागरूक किया गया। आयुर्वेद विभाग द्वारा 38 रोगियों का उपचार किया। इसके साथ अन्य सभी विभागों द्वारा उनके प्राप्त परिवादो का मौके पर निस्तारण किया गया।

**39 वर्ष बाद मिला खातेदारी अधिकार :** प्रशासन गांवो के संग अभियान में 2021कैम्प ग्राम पंचायत खोखर मे आसूराम पुत्र रामनाथ जाति जाट निवासी खोखर ने शिविर में प्रभारी उपखण्ड अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर निवेदन किया की मेरे पिता एवं मेरा भाई हरकणराम संयुक्त खातेदारी में निवास करते हैं। पिता ने अपने जीवन काल में ही खोखर के वर्तमान खसरा नंबर 318,319 कुल रकबा 5.37 हैक्टेयर भूमि तत्कालीन खातेदार से 1/2 हिस्से की जमीन खरीदी थी उस वक्त मे प्राथी आसूराम नाबालिग अवस्था में था। तथा मेरा बड़ा भाई हरण राम बालिग था व कर्ता खान दान होने के कारण होंने से सम्पूर्ण 1/2 भूमि हिस्से उसके नाम दर्ज करवादी थी। बाद में पिता का स्वर्गवास हो गया तथा उसके 6-7 वर्ष बाद में बालिग हो गया तथा हम दोनों अलग रहने लगे।

## विधिक जागरूकता शिविर में नागरिकों को किया जागरूक

**मालपुरा (सीमा सन्देश सं.)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक के निदेर्शानुसार अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सोमवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा मे शिविर आयोजित किया। तालुका विधिक सेवा समिति के सचिव रवि कुमार ने बताया कि पीएलबी राम प्रसाद वर्मा व पैनल अधिवक्ता अनीश कुमार जैन छात्राओ को कोविड-19 से बचाने, डेंगू बुखार से बचाने के उपाय, जनउपयोगी सेवाओं में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों, विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं आदि के बारे में जानकारी दी। बाल तस्करी, महिलाओं के विरुद्ध हिंसा, जनउपयोगी सेवाओं, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



मैं मानता हूं कि महंगाई और पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ना ही मुद्दा नहीं है। पिछले सात साल में मोदी सरकार ने जितना काम किया है, इतिहास में इतना कभी नहीं हुआ। पूर्व केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सांसद के.जे. अल्फोंस

## देश में डीजल-पेट्रोल ही मुद्दा नहीं: अल्फोंस



**जयपुर (कासं.)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और राजस्थान से राज्यसभा सांसद के.जे. अल्फोंस ने कहा है कि मैं मानता हूं कि महंगाई और पेट्रोल–डीजल के दाम बढ़ना ही मुद्दा नहीं है। पिछले सात साल में मोदी सरकार ने जितना काम किया है, इतिहास में इतना कभी नहीं हुआ। अल्फोंस सोमवार को भाजपा मुख्यालय में अपनी पुस्तक 'एक्सेलरेटिंग इंडिया : 7 इयर्स ऑफ मोदी गवर्नमेंट' के विमोचन समारोह में बोल रहे थे।

अल्फोंस ने कांग्रेस नेताओं को भी सलाह दी और कहा कि आज देश में कांग्रेस नेता बिना जानकारी मोदी सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। मेरी सलाह है कि उन्हें विरोध करने से पहले कम से कम इस पुस्तक को जरूर पढ़ लेना चाहिए, ताकि उन्हें भी पता चले कि देश में बीते 7 साल के दौरान किस क्षेत्र में कितना काम हुआ है। उन्होंने कहा कि 25 अलग-अलग पाठों में वर्गीकृत इस पुस्तक में बीते 7 साल में मोदी सरकार द्वारा किए गए कामकाज के वास्तविक आंकड़ें हैं। जितना काम पिछले 7 साल के दौरान भारत में हुआ है, उतना अब तक के इतिहास में किसी भी सरकार ने नहीं किया। अल्फोंस ने पुस्तक के संबंध में भी पूरी जानकारी रखी।

### उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी की सूची

# कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची में छह मंत्रियों को मिली जगह

**जयपुर (का.सं.)।** प्रदेश के वल्लभनगर और धरियावद उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने 20 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी स्टार प्रचारकों की सूची में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित छह मंत्रियों को जगह दी गई है।




इसके अलावा 5 विधायकों को भी स्टार प्रचारकों में शामिल किया गया है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश के उप चुनावों के लिए जारी स्टार प्रचारकों की सूची में प्रदेश प्रभारी अजय माकन को छोड़कर किसी अन्य केंद्रीय नेता को स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल नहीं किया गया है, जबकि हिमाचल प्रदेश उपचुनाव के लिए जारी हुई स्टार प्रचारकों की सूची में नवजोत सिंह सिद्धू और कन्हैया कुमार जैसे नेताओं को भी शामिल किया गया है। इधर राजस्थान के स्टार प्रचारकों की सूची में स्थानीय नेताओं पर ही विश्वास जताया गया है। वहीं कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य रघुवीर मीणा को भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया गया है हालांकि रघुवीर मीणा धरियावद उपचुनाव की चुनाव समिति का पहले से मेंबर हैं और उदयपुर से लोकसभा सांसद भी रह चुके हैं।

### यह है 20 स्टार प्रचारकों की सूची

स्टार प्रचारकों में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश प्रभारी अजय माकन, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, रघुवीर मीणा, प्रताप सिंह खाचरियावास, उदयलाल आंजना, प्रमोद जैन भाया, अर्जुन बामणिया, अशोक चांदना, महेंद्रजीत सिंह मालवीय, लाखन मीणा, दयाराम परमार, रामलाल मीणा, गणेश घोगरा, धर्मेंद्र राठौड़, मांगीलाल गरासिया, पुष्कर लाल डांगी, दिनेश खोड़निया और पुष्पेंद्र भारद्वाज शामिल हैं।

### विधानसभा उप चुनाव-2021

## 9 लाख रुपए मूल्य की अवैध शराब, नकदी व अन्य सामग्री जब्त

**जयपुर (कासं.)।** प्रदेश की 2 विधानसभाओं में होने वाले विधानसभा उप चुनाव के लिए निर्वाचन विभाग के निर्देश पर संबधित विभागों ने लगभग 9 लाख रुपए मूल्य की अवैध शराब, नकद राशि, नशीले पदार्थ व अन्य सामग्री जब्त की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि विधान सभा उप चुनाव की घोषणा होने के साथ ही संबंधित विभागों की टीमों ने काम करना शुरू कर दिया था। उन्होंने बताया कि वल्लभनगर (उदयपुर) एवं धरियावद (प्रतापगढ़) में 10 अक्टूबर तक 8 लाख 98 हजार 204 रुपए मूल्य विभिन्न सामग्री जब्त की है।

गुप्ता ने बताया कि इन क्षेत्रों में काम कर रही एफएसटी, एसएसटी और पुलिस ने मिलकर 6 लाख 20 हजार रुपए मूल्य की अवैध शराब, 1 लाख 25 हजार रुपए मूल्य के नशीले पदार्थ और 1 लाख 50 लाख से ज्यादा मूल्य की अन्य संदेहास्पद सामग्री को जब्त किया है।

उन्होंने कहा क्षेत्र में विभागों द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है और किसी भी संदेहास्पद मामले पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

गौरतलब है कि दोनों विधानसभाओं में आगामी 30 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान करवाया जाएगा, जबकि 2 नवंबर को मतगणना होगी। दोनों विधानसभाओं में कुल 5 लाख 11 हजार 455 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। वल्लभनगर में 2 लाख 53 हजार 831 व धरियावद में 2 लाख 57 हजार 624 मतदाता मत डाल सकेंगे।

### एनसीसी टीचर द्वारा छात्राओं को अश्लील मैसेज भेजने का मामला

## बाल आयोग ने 7 दिन में मांगी रिपोर्ट

**जयपुर (कासं.)।** सेंट जेवियर्स स्कूल के एनसीसी टीचर को छात्राओं से इंस्ट्राग्राम पर अश्लील कमेंट्स करने पर बाल आयोग ने प्रसंज्ञान लिया है। बाल आयोग ने 7 दिन में पूरे मामले की जांच कर प्रोग्रेस रिपोर्ट देने का नोटिस जारी किया है। वहीं, छात्राओं को अश्लील मैसेज भेजने पर सेंट जेवियर्स स्कूल प्रबंधन ने टीचर निखिल जोस को सस्पेंड कर दिया है।

प्रबंधन ने तीन सदस्यों की कमेटी जांच के लिए बनाई है। निखिल जोस को सीएम ने भी सम्मानित किया था। पुलिस ने निखिल जोस के मोबाइल की जांच की तो पता लगा कि वह पिछले 6 महीने से छात्राओं को अश्लील कमेंट्स और मैसेज भेज रहा था। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सचिव महेंद्र प्रताप सिंह ने नोटिस में कहा कि शिक्षक निखिल जोस पूर्व छात्राओं को इंस्टाग्राम पर अश्लील मैसेज भेज रहा था। उन्हें बाहर मिलने और होटल में चलकर शराब पीने के लिए कहता था। यह काफी गंभीर मामला है। पूरे मामले की नियमानुसार जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 7 दिन में रिपोर्ट दी जाए। अशोक नगर थानाधिकारी सुरेंद्र सैनी ने बताया कि सेंट जेवियर्स स्कूल के टीचर निखिल जोस का मोबाइल जब्त किया गया है।

### सरकार को एक सप्ताह का दिया अल्टीमेटम

## एम्बुलेंस कर्मचारी 18 अक्टूबर को करेंगे विरोध

**जयपुर (कासं.)।** राजस्थान में जननी सुरक्षा योजना के तहत संचालित 104 एम्बुलेंस के ड्राइवरों ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को एक सप्ताह का समय दिया है। एक सप्ताह के अंदर अगर उनकी मांगों पर प्रशासन ने विचार नहीं किया तो 18 अक्टूबर को ड्राइवर स्वास्थ्य भवन पर विरोध प्रदर्शन करेंगे और हड़ताल पर जाएंगे। राजस्थान एम्बुलेंस कर्मचारी यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि एम्बुलेंस कर्मचारियों का पहले तो 11 अक्टूबर से हड़ताल करने का विचार था। एक सप्ताह के अंदर अगर प्रशासन की ओर से कोई सुनवाई नहीं की जाती है तो सभी ड्राइवर स्वास्थ्य निदेशालय पर 18 अक्टूबर को प्रदर्शन करेंगे और उसी दिन हड़ताल पर जाने का निर्णय करेंगे।

### समय पर नहीं मिल रही सैलेरी

राज्य में इस योजना के तहत 580 से ज्यादा एम्बुलेंस चलाई जाती है। इनका संचालन करने में करीब 1200 ड्राइवर का स्टाफ है। फरवरी में जब से एम्बुलेंस संचालन का कॉन्ट्रेक्ट दूसरी फर्म को दिया है, तब से वह फर्म ड्राइवरों को 2 से 3 महीने के अंतराल में सैलरी दे रही है। जो सैलरी दी जाती है उसमें भी किसी न किसी कारण से कटौती कर ली जाती है। इससे ड्राइवरों को बड़ी आर्थिक परेशानियां उठानी पड़ रही है। इसके अलावा नियमानुसार एम्बुलेंस ड्राइवर का पीएफ और ईएसआई का पैसा कटना चाहिए भी नहीं काटा जा रहा और न ही जमा करवाया जा रहा। वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि 4 अक्टूबर को हमने एनएचएम निदेशक को पत्र लिखकर अपनी मांगों के बारे में बताया था। साथ ही उसमें चेतावनी भी दी थी कि अगर हमारी मांगों का निस्तारण नहीं किया तो कार्य बहिष्कार कर देंगे।

### प्रशासन शहरों के संग अभियान: हैरिटेज निगम आयुक्त बोले...

# पट्टे जारी करने में लाओ तेजी, लापरवाही स्वीकार नहीं

**जयपुर (कासं.)।** राजधानी में हैरिटेज नगर निगम इस सप्ताह कम से कम 500 पट्ट्टे जारी करेगा। इसके लिए सोमवार को आयुक्त अवधेश मीणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यालय में हुई समीक्षा बैठक में वे अधिकारियों की कार्यशैली से संतुष्ट नहीं दिखे। उन्होंने साफ कहा कि काम में तेजी लाओ। किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लंबित पट्टा संबंधी पत्रावली का प्राथमिकता से निस्तारण करें। बैठक की जानकारी होने के बाद भी न आने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश आयुक्त ने दिए। उन्होंने कहा कि



राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप हमारा प्रयास ज्यादा से ज्यादा लोगों को नियमानुसार पट्टा जारी कर राहत पहुंचाना है। सरकार ने जो छूट दी है, उसकी जानकारी जनता तक पहुंचाएं। वहीं, अतिरिक्त आयुक्त सत्तार खान ने कहा कि जीरो पेंडेंसी के तहत काम करने की जरूरत है। तभी अधिक से अधिक लोगों को राहत मिल पाएगी। आयोजना शाखा के उपायुक्त सुरेंद्र सिंह यादव ने पट्टा जारी करने की प्रक्रिया, नियम और कानूनों के बारे में जानकारी दी।

### 4000 आवेदन में से पट्टे मिले 160

अभियान शुरू हुए 10 दिन हो चुके हैं। दो महीने से तैयारी चल रही है। निगम के जोन कार्यालयों से लेकर मुख्यालय तक पट्टे जारी करने के लिए करीब चार हजार आवेदन आए हैं। लेकिन, निगम अधिकारी अब तक 160 लोगों को ही पट्ट्टे जारी कर सके हैं।




स्वामी सीमा-संदेश के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं प्रधान संपादक विनीत कुमार शर्मा द्वारा जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर- 302004 से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय, जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर- 302004 से मुद्रित। फोनः 2700113, आरएनआई रजि. नं. 48910/91 जयपुर। मुख्य कार्यालय-चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर, फोनः 0154- 2466402, 2466403

# सीमा सन्देश

Seema Sandesh Android App
available @ Google Play Store

www.fb.com/seemasandesh1951

www.seemasandesh.in

seemasandesh1951@gmail.com

*Thank You*

*from All of us at Seema Sandesh*

0154- 2466402, 2466403, 94140-86777